भाद्रपद कृष्ण पक्ष-14, 2080
dopaharmetro epaper.dopaharmetro.com dopaharmetro
वर्ष-07 , अंक - 148 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23
भोपाल
12 नवम्बर 2023
रविवार
बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
19 न्यूनतम

बहनों संग दिवाली मनाने निकले शिवराज, नाथ भी पहुंचे सभा करने

अगले तीन दिन पूरी ताकत झोंकेंगे कांग्रेस और भाजपा

भोपाल, दोपहर मेट्रो

दिवाली के दिन भी विधानसभा चुनाव के चलते राजनीति छुट्टी पर नहीं है। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सागर के खुरई से लेकर कुक्षी तक दौरे करने व महिलाअं के साथ दिवाली का पर्व मनाने निकले हैं। वहीं कमलनाथ आज रहली में सभा करने पहुंचे। लेकिन कल से अगले तीन दिन तक मप्र में भाजपा व कांग्रेस जबर्दस्त चुनाव प्रचार करने की तैयारी में हैं। दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं की सभा व रोड शो होंगे। गौरतलब है कि 15 नवंबर के बाद प्रचार नहीं हो सकेगा तथा प्रवासी नेताओं को भी चुनाव क्षेत्रों से लौटना होगा। आखिरी दौर के प्रचार में राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। भाजपा में केंद्र और प्रदेश के मिलाकर कोई 31 नेता इस वक्त मप्र में चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। हर नेता रोज 4 से 5 सभाएं और रोड शो कर रहा है। किस क्षेत्र में किस स्टार प्रचारक को कब भेजना है, इसका फैसला प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के बाद लिया जा रहा है। आखिरी चरण में अपने मजबूत गढों को साधने के लिये दोनों दल उम्मीदवारों के संपर्क में हैं और जरूरत के मुताबिक संसाधन मुहैया कराये जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों दल निजी एजेंसियों के जरिए भी फीडबैक जुटा रहे है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश में भाजपा ने विंध्य और महाकौशल पर पूरा जोर लगा दिया है। विंध्य में बगावत के कुछ मामलों की वजह से उसे कतिपय अशंकाएं घेर रही है। वहीं कांग्रेस ने भी विंध्य को फोकस में रखा हुआ है। इसके अलावा मालवा और निमाड़ को साधने के लिए कांग्रेस ने राहुल-प्रियंका की सभी और रोड शो तो ताकत झोंक दी है।

भोपाल के तीन इलाकों में राहुल का रोड शो

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कल जावद में सभा करने पहुंच रहे हैं, यहां से वे सिराली जायेंगे तथा शाम को करीब छह बजे उनका रोड शो होगा, यहां वे भोपाल मध्य, दक्षिण और नरेला विस सीट के हिस्सों से गुजरेंगे। इसमें से दो सीट अभी कांग्रेस के ही कब्जे में हैं। राहुल अपने रोड शो के दौरान नुक्कड सभा भी करेंगे। वहीं कमलनाथ कल सिवनीमालवा, श्यामपुर सीहोर, आलोट में सभा करेंगे और फिर भोपल में राहुल के रोड शो में शामिल होंगे। बताया जाता है कि प्रियंका गाधी भी 14 व 15 को मप्र में सभा करेंगी जबकि मल्लिकार्जुन खडगे भी आ रहे हैं। कांग्रेस के चारों नेताओं की तीन दिन में करीब तीस सभा हो सकती हैं।

हिमाचल में सीमा पर सैनिकों संग दीवाली मनाने पहुंचे पीएम मोदी

शिमला, एजेंसी।

हर साल की तरह इस बार भी सीमा पर जवानों के साथ दीपावली मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश पहुंचे हैं। सीमावर्ती इलाके लेपचा में पीएम नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की। मोदी ने इस मौके पर एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारे बहादुर सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के लेपचा पहुंच गया हूं. इस दौरान पीएम मोदी सेना की जैकेट और टोपी में नजर आए। दरअ़ू हालांकि देश की सीमा की सुरक्षा में जुटे जवान ड्यूटी की वजह से अपने घर नहीं जा पाते हैं. ऐसे में उन्हें परिवार की याद ना आए इसलिए पीएम मोदी हर साल देश के अलग-अलग सीमाई क्षेत्रों में जवानों के साल मिलकर दिवाली मनाते हैं। पीएम मोदी ने लेपचा पहुंचकर न सिर्फ जवानों से मुलाकात की बल्कि उनका हाल चाल भी जाना। प्रधानमंत्री बनने के बाद 2014 में नरेंद्र मोदी ने दिवाली के अवसर पर सियाचिन में तैनात जवानों के साथ खुशिया बांटी थी। यह दुनिया का सबसे ऊंचा रणक्षेत्र है। 15 में प्रधानमंत्री ने कारगिल में तैनात जवानों के साथ दिवाली मनाई थी। 2016 में इस दिन वे लद्दाख में तैनात जवानों के थे।

उत्तरकाशी में सुरंग के अंदर भूस्खलन, 40 मजदूर फंसे

उत्तरकाशी एजेंसी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह सिलक्यारा से डंडालगांव तक निर्माणाधीन सुरंग के अंदर भूस्खलन हुआ है। सुरंग का निर्माण एनएचआईडीसीएल के निर्देशन में नवयुगा कंपनी कर रही है। बताया जा रहा है कि सुरंग के अंदर 40 से ज्यादा मजूदर फंसे हैं। जिला आपदा प्रबंधन उत्तरकाशी ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अधिकारिक रूप से अभी यह पता नहीं चल पाया है कि सुरंग के अंदर कुल कितने श्रमिक फंसे हैं। कंपनी की ओर से मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर पांच 108 एंबुलेंस तैनात की गई हैं। डीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने बताया कि अभी किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार सुबह 5.00 बजे हुआ। सिलक्यारा की ओर सुरंग के द्वार से 200 मीटर की दूरी पर यह भूस्खलन हुआ है, जबकि जो मजदूर काम कर रहे थे वो वाहन द्वार के 2800 मीटर अंदर हैं। आलवेदर रोड प्रोजेक्ट के तहत तैयार की जा रही सुरंग की लंबाई 4.5 किमी है। इसमें से चार किमी तक निर्माण पूरा कर लिया गया है। पहले सुरंग निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य सितंबर 2023 था, लेकिन अब मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बताया जाता है कि मजदूरों के दम घुटने की आशंका कम है क्योंकि अंदर से यह जगह कुछ खुली हुई है।

आज का कार्टून



अमेरिका में दिवाली की छुट्टी

न्यूयॉर्क । भारत के सबसे बड़े त्योहार दिवाली की धूम अमेरिका में भी है। दरअसल इस साल से न्यूयॉर्क में दिवाली की छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इस मौके पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स के कार्यालय ने अमेरिकी शहर के स्कूलों में दिवाली की छुट्टी शुरू करने के अपने फैसले के कारण इस साल की दिवाली को एक विशेष अवसर कहा है। भारतीय समुदाय 20 साल से अधिक समय से दिवाली की छुट्टी की मांग कर रहा था।

अवकाश सूचना

दिवाली के अवसर पर कल 13 नवंबर को **दोपहर मेट्रो** कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 14 नवंबर को प्रकाशित होगा। **सं.**

हमास मुक्त कर सकता हैं बंधकों को

कुछ रास्ता निकला... इजराइल अस्पताल से बच्चों को निकालेगा

तेलअवीव , एजेंसी।

इजरायल और हमास में जारी जंग के बीच इजरायली सेना ने कहा कि वह आज गाजा के सबसे बड़े अस्पताल से बच्चों को निकालने के लिए तैयार है। यह वहीं अस्पताल है जिसे लेकर फिलिस्तीनी अधिकारियों ने दावा किया कि जंग की बीच ईंधन खत्म होने के बाद वहां दो नवजात शिशुओं की मौत हो गई और दर्जनों अन्य शिशुओं पर खतरा मंडरा रहा है। फिलीस्तीन के अधिकारियों के मुताबिक, ईंधन खत्म होने के बाद अल शिफा अस्पताल ने सेवाए सस्पेंड कर दी जिसकी वजह से इनक्यूबेटर में दो शिशुओं की मौत हो गई। दूसरी तरफ हमास ने दावा किया है कि उसने पिछले 48 घंटों के दौरान गाजा में 25 से अधिक वाहनों सहित 160 से अधिक इजरायली सैन्य ठिकानों को पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट कर दिया है। चैनलों के हवाले से बताया हे कि गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के समझौते की दिशा में कुछ प्रगति हुई है। 50 से 100 महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को लड़ाई में तीन से पांच दिनों के विराम के दौरान चरणों में रिहा किया जाएगा। वहीं इज़राइल अपनी जेलों से महिलाओं और नाबालिग फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

गहलोत से हुई है तकरार?

राहुल की राजस्थान से दूरी की वजह तलाश रहे लोग

नई दिल्ली , एजेंसी।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का राजस्थान के लिये राहुल गांधी का पैंतरा समझने की कोशिशें राजनीतिक गलियारों में शुरू हो गई हैं। करीब डेढ महीने में वे सभी चुनावी राज्यों में जा रहे हैं लेकिन राजस्थान से उन्होंने थोड़ी दूरी रखी है। खबरें तैर रही हैं कि टिकट वितरण मामले में उनकी सीएम अशोक गहलोत से खटपट हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि बीजेपी की ओर से पीएम मोदी राजस्थान की कमान संभाले हुए हैं। अब राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 2 सप्ताह का समय शेष बचा है। राजनीतिक जानकार राहुल गांधी की राजस्थान से दूरी को लेकर मायने निकाल रहे हैं। चर्चा है कि राहुल राजस्थान नहीं आए तो सीएम गहलोत भी कमोबेश यही चाहते हैं। हालांकि राजस्थान में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी ने कमान संभाल रखी है। दोनों ही राजस्थान में अब तक दो-दो रैलियां कर चुके हैं। लेकिन राहुल गांधी की मानगढ़ के बाद कोई रैली नहीं हुई। जबकि 49 दिन पहले राजधानी जयपुर में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नए भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में हुई सभा को संबोधित किया था। बताते हैं कि गहलोत ही नहीं चाहते हैं कि राहुल गांधी इस बार राजस्थान में अधिक रूचि दिखाएं। इसके पीछे की वजह यह भांपी जा रही है कि सचिन पायलट राहुल गांधी के करीबी है। ऐसी स्थिति में राहुल के आने से सचिन पायलट को वेटेज मिलेगा। बताते हैं कि राहुल भी उनकी मंशा समझ गए हैं और दूर ही हैं। वहीं बीते दिनों एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि उम्मीदवारों की लिस्ट पर विचार करते समय केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में गहलोत और राहुल गांधी के बीच किसी बात को लेकर तकरार भी हुई थी। तब इस मामले में खुद सोनिया गांधी ने हस्तक्षेप किया था तथा गहलोत को धीमी आवाज में बात करने के लिए कहा था। जबकि राहुल गांधी बैठक छोड़कर चले गए। इस घटना को लेकर सियासी गलियारों में राजस्थान में नहीं आने के पीछे राहुल गांधी की नाराजगी को जोड़कर देखा जा रहा है।



भोपाल मेमोरियल अस्पताल के सामने कचरा फेंकने का मामला

कचरे में मिले बिल ने उद्योगपति तक पहुंचाया निगम ने वसूला 800 रुपये का जुर्माना

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

एक उद्योगपति के कर्मचारी को भोपाल मेमोरियल अस्पताल के सामने कचरा फेंकना महंगा पड़ा है। असल में फेंका गया कचरे में ही सबूत थे जिसके जरिए निगम की टीम उस उद्योगपति तक पहुंच गई और 800 रुपये का जुर्माना वसूला है। साथ में यह हिदायत भी दी है कि दोबारा ऐसा किया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

असल में शनिवार को जोन 17 के तहत भोपाल मेमोरियल अस्पताल के सामने कचरा फेंकने वाली इंडस्ट्री का पर कचरे में मिले बिल पर लिखे पते से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। इसी तरह जोन नौ के वार्ड क्रमांक 69 अशोका गार्डन प्रभात चौराहा पर एक व्यक्ति को कचरा फैंकते हए पकड़ा और स्थल पर ही कार्रवाई की। साथ ही निगम अमले ने अन्य क्षेत्रों में भी मौके पर जुर्माना की कार्रवाई की है। निगमायुक्त फ्रैंक नोबल ए द्वारा सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर गंदगी फैलाने, सीएंडडी वेस्ट फैंकने, पालीथीन,सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों आदि के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अमले ने कचरे में मिले बिल पर लिखे पते पर पहुंच कर गोविन्दपुरा इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित क्वालिटी इंजीनियरिंग पर पांच हजार रूपये का जुर्माना किया है।

फाइल फोटो

कल से बदलेगा इंडिगो की जयपुर, प्रयागराज फ्लाइट का समय

भोपाल। दीपावली के एक दिन बाद कल सोमवार से इंडिगो की भोपाल से जयपुर एवं प्रयागराज के बीच संचालित फ्लाइट के समय बदलेगा। 13 नवंबर से यह फ्लाइट सुबह 11.30 बजे भोपाल आकर दोपहर 12.05 बजे जयपुर रवाना होगी। अब तक यह फ्लाइट शाम सात बजे आकर 7.20 बजे जयपुर रवाना होती थी। इसी तरह भोपाल प्रयागराज फ्लाइट सुबह 9.50 की जगह अब दोपहर 3.05 पर रवाना होगी। इंडिगो की मुंबई मर्निंग उडान सुबह अब 10.15 बजे भोपाल आएगी और 10.45 बजे वापस मुंबई रवाना होगी। हाल ही में लागू विंटर शेड्यूल में इसका संचालन चार दिन से बढाकर प्रतिदिन किया गया है।

दीपावली पर खूब हुई खरीदारी

भोपाल। राजधानी में दीपावली की खरीदारी का आज अंतिम दिन है। बाजार में आज पूजा सामग्री पटाखे फूल आदि की खरीदारी ज्यादा देखी जा रही है। वहीं बीती रात देर तक बाजारों में खरीदारी हुई।

अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में मिठी का दबदबा

कुनाल, जयंत और शान ने जीते पुरस्कार रहे प्रथम

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो। मिठी गोबिन्दराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने ''सिलिका आर्ट एण्ड डिजाइन कॅरियर गाइड इंस्टीट्यूट'' द्वारा आयोजित अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लिया, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विद्यालय के सम्मान भी हासिल किया। विद्यालय को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के छात्र कुनाल रामनानी ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगद राशि व स्वर्ण पदक एवं जयंत गुप्ता एवं शान प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। विद्यार्थियों को कलात्मकता के अ्ध?ययन कार्य को विकसित करने हेतु रुपये बीस हजार की स्?कॉलरशिप द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षिका हुमा खान को छात्रों के मार्गदर्शन करने हेतु ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। शहीद हेमू कालानी एज्युकेशन सोसायटी के चेयरमेन सिद्धभाऊजी एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

बरखेड़ा पठानी विंध्य हर्बल में काम करने वाले कर्मचारियों को बोनस नहीं मिला

दीपावली पर वेतन बोनस छोड़, आउटसोर्स-संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन तक नहीं मिला!

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

दीपावली पर सैंकड़ों संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है तो बरखेड़ा पठानी स्थिति विंध्य हर्बल केंद्र के कर्मचारियों को बोनस नहीं मिला है। इस तरह कुछ और विभागों में कर्मचारी वेतन व बोनस नहीं मिलने की शिकायतें कर रहे हैं। दीपावली जैसे त्यौहार पर इस तरह की अनदेखी से कर्मचारी वर्ग में नाराजगी है।

पांच महीने से नहीं दिया वेतन, अधिकारी सुनवाई भी नहीं करते

एनएचएम संविदा आउट सोर्स सपोर्ट स्टाफ कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने आरोप लगाए कि विषय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से हटाकर आउटसोर्स ठेका प्रथा में किए गए सपोर्ट स्टाफ कर्मचारी एवं आउट सोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं अन्य आउटसोर्स कर्मचारी को पिछले 5 माह से अधिक समय से वेतन का भुगतान नहीं किया। अधिकारियों एवं ठेकेदारों की कमीशन खोरी के वजह से आधा वेतन ही दिया जाता है। हर महीने पूरे प्रदेश सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों आधा वेतन दिया जा रहा है। आधा वेतन कमीशन खोरी में करोड़ों रुपए की हेरा फेरी की जा रही है। जिस पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। कुछ जिलों के हजारों कर्मचारी दीपावली पर्व नहीं मना पा रहा है। एनएचएम संविदा आउट सोर्स सपोर्ट स्टाफ कर्मचारी संघ द्वारा एनएचएम की मिशन संचालक, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को लगातार पत्राचार किया गया। वेतन भुगतान नहीं किए जाने को लेकर लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इधर आचार संहिता का हवाला देकर नहीं बांटा बोनस

राज्य लघु वनवास संघ की इकाई विंध्या हर्बल बरखेड़ा पठानी आयुर्वेदिक दवाई बनाने का कारखाने में इस बार दीपावली को बोनस नहीं मिल सका है। कर्मचारियों में इसे लेकर अधिकारियों से नाराजगी चल रही है। कारखाने में काम करने वालों को आचार संहिता बताकर बोनस को रोका गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि एक कम्प्यूटर आपरेटर जोकि वर्तमान में क्लर्क का काम संभाल रहा है, उसने अधिकारियों को गलत तरह से फीड किया है। जिसके कारण यह स्थिति बनी है। जबकि 2018 के विधानसभा चुनाव में भी आचार संहिता में चुनाव आयोग से अनुमति मांग के बोनस दिया गया था।

पटाखों से चोटिल होने पर आंखों के इलाज के लिए सेवासदन तैयार

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो। दीपावली के लिए नेत्र सुरक्षा आपात सेवाएं सेवासदन चिकित्सालय संतनगर ने 24 घंटे शुरू करने का निर्णय लिया है। पटाखों से आंखों के चोटिल होने पर इलाज के लिए विशेष टीम तैयार की है। 12 से 14 नवंबर तक आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। दीपावली पर हर साल नेत्र सुरक्षा आपात सेवा की शुरूआत 2015 से शुरू की गई थी, जो जारी है। बीते सालों में भोपाल तथा आसपास के इलाकों से आतिशबाजी में चोटिल हुए रोगियों को इलाज कराने सेवासदन पहुंचे हैं।

सेवासदन की मेडिकल डायरेक्टर डॉ प्रेरणा उपाध्याय ने कहा पटाखे जलाते से समय सावधानी बहुत जरूरी होती है। खासकर बच्चे जब आतिशबजी कर रहे हो तो परिवार जनों को कभी उन्हे अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। आतिबाली की जगह पानी की बल्टी रखना चाहिए। किसी भी तरह की आपात स्थिति में सेवासदन तैयार है। सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने नागरिकों को दीपोत्सव की बधाई दी है।


इस करवाचौथ खिलेगा तन,
महकेगा मन, जब गले में होगा
स्वर्णप्रभा Gold & Diamond Showroom का एंटीक, डायमंड और पोलकी कुंदन
Fetival Offer
Diamond Ring on Every Diamond Purchase!
MACHINE BANGLES मात्र 2.9% के Making से
ANTIQUE SET मात्र 11.91%
Flat 20% OFF on Diamond Jewellery
हर ग्राहक को 24 KT (999) लक्ष्मी गणेश Gold Coin
SHOWROOM OPENS AT 11:00 AM
स्वर्णप्रभा Gold & Diamond Showroom
मेन रोड, न्यू मार्केट, भोपाल
0755-2768004, 4292626
BIG FREE PREMIUM PARKING FOR CUSTOMERS

मेट्रो एंकर

हुजूर के नीलबड़ में असम के मुख्यमंत्री बिस्वा की जनसभा

'कांग्रेस को वोट देने से बाबर और औरंगजेब को विटामिन मिलेगा'

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

हुजूर के नीलबड़ में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने बीजेपी प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि रामेश्वर हुजूर के बेटे हैं, बेटे को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दो।

सरमा ने कहा कि - कांग्रेस को वोट देना मतलब बाबर और औरंगजेब को विटामिन देना है। क्योंकि कांग्रेसी उसी मानसिकता के साथ चलते हैं जो बाबर और औरंगजेब की थी। ये सनातन का अंत करने की धारणा रखते हैं। हम सब ने देखा कि कर्नाटक में कांग्रेस के आते ही चीजें कैसे बदल गईं।

शर्मा नें कहा कि -मैंने हुजूर की सेवा के लिए जी-जान लगाकर काम किया, कभी थका नहीं, कभी रूका नहीं, बस अपने हुजूर परिवार को सर्व सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डटा रहा। इसलिए आज जनता का मेरे ऊपर विश्वास बना है।



चुनाव 2023

चेहरा एक अदद

आशीष दुबे

अनुकूल परिस्थितियों में संघर्ष का अजब जुनून

'ये तो चेहरे का फक़त अक्स है, तस्वीर नहीं..इस पर कुछ रंग अभी और चढ़ाते रहिए' मप्र के विधानसभा चुनाव में रोज उभरने वाले कुछ खास व गाढ़े चित्रों के पीछे ऐसे सियासी चित्रकारों की कूची भी काम करती है, जो चित्रों के रंगों को चटख बनाती है। सत्ता में जमी भाजपा हो या सत्ता पाने को बेताब कांग्रेस, दोनों शिविरों में चुनिंदा ऐसे चेहरे हैं, जो सोते-जागते चुनावी कैनवास में रंग उड़ेल रहे हैं। कुछ मैदान में नजर आते हैं, कुछ वॉर रूम में। चेहरे के पीछे चेहरा तलाशने की कोशिश में आज केन्द्रीय मंत्री व भाजपा नेता *ज्योतिरादित्य सिंधिया...*

'मेरी हसरतों को कभी तो मुकाम मिलेगा, मैं भटक रहा हूं जहां, वहां रास्ता मिलेगा।' राजनीति में ऐसी ही स्थितियों से अक्सर दो-चार होते रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया का इस बार मप्र के विधानसभा चुनाव में ज्यादा बड़ा 'दांव' लगा हुआ है। उन्हें अपनी पुरानी पार्टी कांग्रेस पर भी बढ़त बनाना है और भाजपा में खुद को 'बढ़त' पर रखना है। हालांकि कांग्रेस में वे जब थे, तब भी उनके पास कई मजबूत *सहारे* थे और भाजपा में भी हैं। मगर सिंधिया के सामने विकल्प साफ है कि वे कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए अन्य नेताओं की तरह रह जाना चाहते हैं, या हिमंता सरमा बनते हैं। वे उम्र की जिस पायदान पर हैं, वहां उन्हें भाजपा के मौजूदा धुरंधर नेताओं के मुकाबले ज्यादा समय है, लेकिन यह समय तो उन्हें कांग्रेस में भी था ! जहां तमाम सीनियर्स नेता अपने कॅरियर के आखिरी पड़ाव पर आ पहुंचे हैं। इसीलिये यह सवाल अब बेमानी हो जाता है कि यदि सिंधिया साढे तीन साल पहले धैर्य रखते- जैसी उन्हें राहुल गांधी ने सलाह दी थी, तो शायद आज वे कांग्रेस में उस हैसियत से ज्यादा होते जो अब उनकी भाजपा में है। उन्होंने जो जोखिम लिया, उसका सही प्रतिफल वे खुद ही बेहतर जानते हैं। मप्र में 65 से लेकर अस्सी की उम्र तक पहुंच चुके नेताओं की भीड़ में सिंधिया जैसे कुछ चेहरे ही भाजपा में हैं और कुछ ही कांग्रेस में, लिहाजा संभावनाओं को बचाए रखना भी इन्ही के हाथ में हैं। सबसे बड़ी चुनौती तो उन्हें अपने समूचे ग्वालियर-चंबल वाले प्रभावक्षेत्र से लेकर मध्यभारत के कुछ इलाकों तक प्रभाव को नतीजों में बदलने की है। उनका हाइकमान भले ही उन्हें इस कसौटी पर न रखे लेकिन मप्र में उनके दल के नेता जरूर इस कसौटी पर तौलने से नहीं चूकेंगे।

जहां तक ज्योतिरादित्य के भीतर राजनीतिक रूप से अपने पिता स्व माधवराव सिंधिया की 'मौजूदगी' का सवाल है तो कुछ बातें दोनों में समान दिखती हैं, उनके पिता भी एक वक्त कांग्रेस को छोड़ गये थे लेकिन वे पूरे रौब-दाब के साथ वापस लौटे और आजीवन वैसे ही बने रहे। दूसरी समानता यह है कि माधवराव भी मप्र के मुख्यमंत्री के तौर पर देखे जाते थे और एक मर्तबा इस मुकाम के काफी करीब भी पहुंच गये थे। ज्योतिरादित्य को भी पांच साल पहले लगा था कि वे इस पद के करीब पहुंच गये थे। यानि दोनों के अपने संघर्ष लगभग समान रहे। दिलचस्प यह है कि ज्योतिरादित्य की तरह सचिन पायलट ने भी 'बागी' होने की 'तैयारी' की थी, लेकिन वे कांग्रेस में बने रहे, अपने पिता स्व राजेश पायलट की तरह, जो पार्टी के भीतर रहकर ही लड़ते रहे थे। बहरहाल मप्र की राजनीति में कांग्रेस के करारे वार और भाजपा की भीतरी रार के बीच ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनावी हार-जीत से परे भी एक चेहरा तो हैं, देखना अब यह होगा कि वे अपना उजलापन व प्रासंगिकता कैसे बनाए रखते हैं।

त्योहर के दिन भी चुनाव प्रचार की गहमा-गहमी...

मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश में दल, आज भी दौरे पर सीएम

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

विस चुनाव में प्रचार की भागमभाग के बीच भाजपा व कांग्रेस में आज थोडे ठहराव का दिन है। त्योहार की वजह से वरिष्ठ नेताओं के दौरे बहुत कम है। मुख्यंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सागर बैरसिया और कुक्षी का चुनावी दौरा कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सागर व निवाडी में सभा संबोधित की और कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर हम गेहूं के लिए 2600 रूपये और धान के लिए 2500 रूपये समर्थन मूल्य देंगे। हमारा मानना है कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। शिवराज सिंह चौहान की सरकार में यह बुंदेलखंड पैकेज बुंदेलखंड घोटाला बन गया। आप लोग भारतीय जनता पार्टी के लोगों से पूछिए कि 8000 करोड रुपए का इन्होंने क्या किया? प्रदेश की तस्वीर अब आपके सामने हैं, प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, घोटालों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं के साथ शोषण और अत्याचार से प्रदेश के हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है।

सरमा बोले- अब सुधरी है हालत

वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सिवनी मालवा विधानसभा के डोलरिया में भाजपा प्रत्याशी प्रेमशंकर वर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में मध्यप्रदेश में ना बिजली की व्यवस्था सहीं थी ना स?कों की हालत ठीक थी। अस्पतालों की हालत खस्ता थी और पूरे प्रदेश के लोगों को परेशानियों सामना करना पड़ता था। 2003 के बाद जब से भाजपा ने शासन संभाला तब से पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल गई। नाथ की 15 महीने की सरकार आई थी लेकिन घोटाले ही घोटाले सामने आते थे। सरमा ने कहा मैं पहले कांग्रेस में था और मध्यप्रदेश आना-जाना लगा रहता था, लेकिन तब में और अब में जमीन-आसमान का अंतर साफ नजर आता है।

कांग्रेस प्रत्याशी पीसी की शिकायत

भाजपा नेताओं ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम से विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व वर्तमान विधायक पीसी शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र में बिना अनुमति के शासकीय स?कों व स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाए हैं। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

भाजपा का संकल्प पत्र दरअसल झांसा : नाथ

पूछे पांच सवाल

भाजपा के जारी चुनावी संकल्प पत्र को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि भाजपा ने एक बार फिर घोषणा पत्र की जगह अपना झांसा पत्र जारी किया है। शिवराज की झूठ की मशीन ने महिलाओं को धोखा देने की सारी हदें लांघ दी हैं। पिछले छह महीने से भाजपा बेवकूफ बना रही है कि महिलाओं को 3000 रू. महीने दिये जायेंगे। लेकिन संकल्प पत्र में इस बारे में एक शब्द भी नहीं लिखा गया है। नाथ ने कहा कि अब इससे मप्र की जनता जान गई है कि लाड़ली बहना योजना शिवराज सिंह चौहान का फ्रॉड था। इस योजना को खुद भाजपा के राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व ने सार्वजनिक मंच से खत्म कर दिया है।नथ ने शिवराज सिंह पांच सवाल पूछे कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ कर रही है, आप क्या कर रहे हैं? कांग्रेस बैकलॉग के दो लाख पद कर रही है, आप क्या कर रहे हैं? कांग्रेस 100 यूनिट बिजली माफ, 200 यूनिट पर दे रही है हाफ, आप क्या कर रहे है? कांग्रेस कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दे रही है, आप क्या कर रहे हैं? कांग्रेस ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दे रही है, आप क्या दे रहे हैं?

1

2

3

1. नरेला में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज शुक्ला प्रचार के दौरान पान बनाते हुए। 2. चुनाव आयोग को ज्ञापन देते कांग्रेस नेता। 3. भोपाल दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में प्रचार करते हुए भाजपा उम्मीदवार भगवानदास सबनानी।

पंजा व कमल के बीच रास्ता बनाकर बढ़ न जाए ऑटो रिक्शा!

नर्मदापुरम विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी भी रच सकता है इतिहास, भाजपा के सीताशरण व कांग्रेस के गिरजाशंकर के बीच जगह बना रहे भगवती चौरे

भोपाल/नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा क्षेत्र में अभी तक जो भी विधायक बनते आए हैं वह राजनीतिक दल के थे। इस विधानसभा क्षेत्र से अभी तक कोई भी निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल नहीं की है और न ही इतनी चर्चा हासिल की, जितनी इस बार है। निर्दलीय प्रत्याशी भगवती चौरे का सघन जनसंपर्क और उन्हें मिल रहा समर्थन देखकर कयास लग रहे हैं कि कहीं इस बार नर्मदा पुरम विधानसभा क्षेत्र में नया इतिहास न रच दे। ऑटोरिक्शा चुनाव चिन्ह से मैदान में उतरे तथा बरसों कांग्रेस में रहे निर्दलीय प्रत्याशी भगवती चौरे ने कुछ वर्ष पूर्व भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। अब वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में कांग्रेस बीजेपी का डटकर मुकाबला करने के लिए कमर कसकर चुनाव मैदान में डट गए हैं। नर्मदा पुरम विधानसभा क्षेत्र से अभी तक जो भी प्रत्याशी जीते हैं उन में नन्हेंलाल विश्वकर्मा के अलावा कोई भी ओबीसी वर्ग का प्रत्याशी चुनाव नहीं जीता। इस सीट से ब्राह्मण वर्ग के विधायक बनते आ रहे हैं. इस बार कई मतदाताओं का कहना है कि ओबीसी वर्ग से भी विधानसभा में यहां से किसी को पहुंचना चाहिये। इसी प्रयास को लेकर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इस बार कुछ अलग ही माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं. उनका यह प्रयास कितना सफल होगा यह तो 3 दिसंबर को पता चलेगा।



इलेक्शन डायरी

राजेश सिरोठिया

युवराज की राह में कांटे बिछाए महाराज ने

मध्यप्रदेश के राघोगढ़ राजघराने के युवराज यानि जयवर्धन सिंह इन दिनों अपनो के ही दिए जख्मों को झेल रहे हैं। राघोगढ़ घराने के चिर प्रतिव्दंदी सिंधिया राजघराने के महराज यानि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनके खिलाफ राजपूत समाज के प्रत्याशी हीरेंद्र सिंह उर्फ बंटी बना को मैदान में उतार रखा है। सिंधिया ही दरअसल बंटी बना को कांग्रेस से भाजपा में लाए। गौरतलब है कि बंटी बना के पिता यानि मूल सिंह को जयवर्धन सिंह के पिता यानि दिग्विजय सिंह ने सरपंच से सीधे राघोगढ़ का विधायक बनवाया था। मूल सिंह तो राघोगढ़ घराने के वफादार बने रहे लेकिन उनके निधन के बाद बंटी बना का जयवर्धन सिंह से मनमुटाव हो गया। हालांकि चुनावी समर में जयवर्धन सिंह समर्थकों ने हीरेंद्र सिंह बंटी बना नाम के एक और प्रत्याशी को खोजकर निर्दलीय के बतौर मैदान में उतार रखा है। कांग्रेसी खेमा आठ हजार क्षत्रिय मतदाता वाले इलाके में तीन-तीन राजपूत नेताओं के मैदान में होने से खुश हैं। उन्हें लगता है कि यदि यादव, रघुवंशी या धाकड़ समाज का कोई प्रत्याशी भाजपा उतारती तो उन्हें जीत के लिए ज्यादा मेहनत करना पड़ती।

भोपाल में एक और जय-वीरू



सियासी फलक पर चलती शोले फिल्म के किरदार जय और वीरू का एक और वर्सन भोपाल में आ गया है। इस भूमिका को निभा रहे हैं राजधानी की हजुर विधानसभा के प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा और भोपाल दक्षिण विधानसभा सीटके उम्मीदवार भगवानदास सबनानी। भाजपा के ये दोनों प्रत्याशी एक दूसरे की मदद करने के लिए बढ़चढ़र भागीदारी कर रहे हैं। हुजूर क्षेत्र के बैरागढ़ इलाके के सिंधी समुदाय को रामेश्वर के पक्ष में साधने का काम सबनानी कर रहे हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने सिंधी समाज की उपेक्षा की थी तो बैरागढ़ इलाके में रामेश्वर कांग्रेस के नरेश ज्ञानचंदानी से पांच हजार से ज्यादा वोटों से पिछड़े थे। लेकिन इस बार हालात जुदा हैं। सबनानी रामेश्वर के लिए बैरागढ़ में प्रचार करने जाते हैं तो सबनानी के इलाके दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में कांग्रेस के पीसी शर्मा के खिलाफ भाजपा के लिए वोटों की फसल उगा रहे हैं। कांग्रेस के ज्ञानचंदानी और पीसी शर्मा दोनों को ही जय वीरू के इस नए अवतार से काफी चुनौती मिल रही है।

अपने ही बुने जाल में तो नहीं फंस गए विश्वास सारंग?

भोपाल के नरेला विधानसभा सीट से लगातार जीत रहे भाजपा विधायक और मंत्री विश्वास सारंग कहीं अपने ही बुने जाल में तो नहीं फंस गए? नरेला विधानसभा क्षेत्र से लेकर राजधानी के हलकों में यह सवाल सियासत के जानकारों के जेहन में कौंध रहा है। जहां तक विकास का सवाल है को सारंग ने नरेला क्षेत्र के तहत आने वाले कई इलाकों में विकास के खूब काम कराए हैं। कवर्ड केंपस में भी उनके काम बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस की तरफ से मनोज शुक्ला की उम्मीदवारी के बाद सारंग और उनके सलाहकारों का आत्मविश्वास थोड़ा हिला दिख रहा है। वजह यही है कि यह इलाका मुस्लिम और ब्राह्मण बाहुल्य है। मुसलमानों का तो कांग्रेस के प्रति झुकाव नरेला से लेकर भोपाल मध्य और भोपाल उत्तर सीट पर साफ दिखता है। सारंग को डर है कि कहीं ब्राह्मण भी जाति के फेर में कांग्रेस के मनोज शुक्ला के साथ हो गए तो फिर क्या होगा? सारंग के सलाहकारों ने इसका तोड़ निकालने के लिए बड़ी संख्या में मैदान में उतारा है। कुल 23 उम्मीदवारों में से 15 मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में हैं तो कांग्रेस के मनोज शुक्ला के हमनाम मनो शुक्ला को भी कहीं से ढूंढकर निर्दलीय चुनावी समर में उतारा है। मैदान में डटे ज्यादातर मुस्लिम प्रत्याशी वो हैं जो पिछले चुनावों में विश्वास सारंग को खुलकर सपोर्ट करके जिताते आए हैं। राशिद उर्फ बाबू मस्तान का नाम इनमें सबसे आगे रहा है। सारंग का मकसद तो मुस्लिम वोटों के विभाजन का है लेकिन डर यह है कि पिछले चुनावों में सारंग को मिलने वाले ये मुस्लिम वोट मुसालमान प्रत्याशियों में बंट गए तो भी नुकसान को उनका ही होगा। और नहीं बंटे तो भी ज्यादा फायदे की उम्मीद कम ही है। भोपाल उत्तर, मध्य से लेकर नरेला तक भाजपा प्रत्याशियों की उम्मीदें उन मुस्लिम महिला मतदाता पर टिक गई हैं जिन्हें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना से फायदा हुआ है।

विवादित चेहरों से बिचकते भाजपाई

टिकट वितरण में धांधली की शिकायतें केवल कांग्रेस तक ही सीमित नहीं है। भाजपा भी इससे अछूती नहीं हैं। नमूने के तौर पर भोपाल संभाग की विदिशा और सागर जिले की बीना विधानसभा सीट है। हार के खतरे के अंदेशों से भरी इन सीटों पर पार्टी ने उन्हीं चेहरों पर दांव लगा दिया है जिनके नाम पर जनता और भाजपा कार्यकर्ता बिचकते हैं। विदिशा में पिछली दफे भाजपा टिकट पर लड़े मुकेश टंडन और बीना में तीन बार से जीत रहे विधायक महेश राय की उम्मीदवारी ने पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं और नेताओं को हताश कर दिया है। पार्टी के कुछ नेताओं की जिद के तहत मिले इन टिकटों को लेकर समझदार नेताओं ने नया रास्ता खोज निकाला है। खुली बगावत करने का फैसला टालकर उन्होंने मामला इलाके की जनता पर छोड़ दिया है तो प्रचार करने से भी धीरे से कन्नी काट ली है। दोनों इलाकों के ज्यादातर नेताओं ने पार्टी अनुशासन को कायम रखने अपनी ड्यूटी भोपाल सहित दूसरे इलाकों में लगवा ली है। अब वे जीतें या हारें कम से कम भितरघात के आरोपों से तो बच ही जाएंगे।

एक माह में 700 से अधिक शिकायतें पहुंची चुनाव आयोग

भाजपा की करीब 150, तो कांग्रेस द्वारा की गई शिकायतों का आंकड़ा 400 के पार

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव का अंतिम दौर शुरू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार 17 नवम्बर को विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान होगा। ऐसे में प्रचार-प्रसार के साथ ही राजनीतिक पार्टियों की शिकवे-शिकायत का दौर भी जारी है। राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही हैं। हर दिन कांग्रेस और बीजेपी की ओर से चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा रही है। चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के बीच करीब एक माह में 700 से अधिक शिकायतें चुनाव आयोग पहुंची हैं। इसमें से भाजपा ने करीब 150 शिकायतें आयोग में दर्ज कराई। वहीं कांग्रेस द्वारा की गई शिकायतों का आंकड़ो 400 के पार है। हालांकि भाजपा का दावा है कि प्रदेश भर में पुलिस थाने और प्रशासन में विभिन्न मामलों को लेकर कुल 1000 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई है।

एक-दूसरे की गतिविधियों पर नजर: चुनाव आयोग ने प्रदेश में निष्पक्ष और विवाद रहित चुनाव कराने के लिए कई अहम कदम उठाएं है। वहीं दूसरी ओर विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए राजनीतिक पार्टियों ने जहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी। एक-दूसरे की खामियों पर भी नजर बनाए हुए हैं। खासकर बीजेपी और कांग्रेस के नेता एक-दूसरे की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। जरा की गलती या खामी नजर आई तो सीधा चुनाव आयोग में शिकायत कर दी जाती है।

ऐसी शिकायतें की गई है: दोनो पार्टियों की तरफ से की गई शिकायतों में प्रत्याशियों के नामांकन फार्म में गलत जानकारी और प्रत्याशियों की परिवार के अवैध लेनदेन, 3 साल से अधिक एक ही पर पद पर

पांच दिनों का महापर्व दीपावली, जानें दिवाली से लेकर भाई दूज तक हर दिन खास

दीपावली का महापर्व में पांच त्योहार मनाए जाते हैं और इनकी शुरुआत धनतेरस से हो जाती है। धनतेरस के बाद छोटी दिवाली या नरक चौदस का पर्व मनाया जाता है। इसके बाद दिवाली का पर्व मनाया जाता है, फिर गोवर्धन पूजन और अंत में भैया दूज मनाया जाता है।

Happy
Bhai
Dooj

विपुलता-माधुर्य-श्री और सौंदर्य की अधिष्ठात्री महादेवी लक्ष्मी की पूजा और ज्योति का पावन पर्व है %दीपावली%। काम-क्रोध-लोभ-मोह के रूप में जो अंधकार अंत~में स्थित है, उसे दूर कर अंतर्मन को आलोकित करने की क्षमता मां लक्ष्मी की ही कृपा से भक्त को प्राप्त होती है। अंत~व बाह्य प्रकाश का एकाकार हो जाना जीवन का सार्थक होना है और यह माता लक्ष्मी की कृपा के बिना यह संभव नहीं। दीपावली के पहले आने वाले पर्वों में पहला पर्व है कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी। इस दिन समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में से एक आयुर्वेदाचार्य धन्वंतरी हाथ में अमृत-कलश लिए प्रकट हुए। इनके दृष्टिपात से सूखी खेती हरित होकर लहलहा उठती थी, मृत जीवित हो आता था। विधाता के कार्य में यह बहुत बड़ा व्यवधान पड़ गया। सृष्टि में भयंकर अव्यवस्था उत्पन्न होने की आशंका के भय से देवताओं ने इन्हें छल से लोप कर दिया। वैद्यगण इस दिन धन्वंतरी जी का पूजन करते हैं और वर मांगते हैं कि उनकी औषधि व उपचार में ऐसी शक्ति आ जाए जिससे रोगी को स्वास्थ्य लाभ हो। गृहस्थ इस दिन अमृत पात्र को स्मरण कर नए बर्तन घर में लाकर धन तेरस मनाते हैं। आज के दिन ही बहुत समय से चले आ रहे मनो मालिन्य को त्याग कर यमराज ने अपनी बहिन यमुना से मिलने हेतु स्वर्ग से पृथ्वी की ओर प्रस्थान किया था। गृहणियां इस दिन से अपनी देहरी पर दीपक दान करती हैं, जिससे यमराज मार्ग में प्रकाश देख कर प्रसन्न हों और उनके गृह जनों के प्रति विशेष करुणा रखें।

इस पर्व लड़ी का दूसरा मोती है %चतुर्दशी%। यह भगवान श्री राम के परम भक्त और पराक्रम के प्रतीक हनुमान की जयंती का भी दिन है। भगवान श्री कृष्ण ने भी इस दिन अत्याचारी व दंभी नरकासुर का वध करके उसकी कैद से सोलह हजार कन्याओं व अन्य कैदियों को मुक्त किया था। इस असुर ने अपनी अंतिम इच्छा बड़ी विनय के साथ प्रकट की। भगवान श्री कृष्ण ने वर दिया कि यह दिन सदैव नरक चौदस के नाम से याद किया जाएगा। इसी दिन भगवान विष्णु ने पराक्रमी व महान दानी राजा बलि के दंभ को अपनी कूटनीति से वामन रूप धारण कर नष्ट किया। इस वजह से इसे रूप चतुर्दशी भी कहते हैं।

दीपावली : आज अयोध्या लौटे थे राम : नरक चौदस के अगले दिन आता है दीपावली महापर्व और महालक्ष्मी पूजन। यह अनेक घटनाक्रमों से युक्त दिन भी है। कार्तिक अमावस्या के दिन श्रीराम लंका विजय कर, सीता-लक्ष्मण-हनुमान व अन्य साथियों के साथ आकाश मार्ग से अयोध्या पधारे थे। जैन चौबीसवें तीर्थंकर अहिंसा की प्रतिमूर्ति भगवान महावीर स्वामी भी इसी दिन निर्वाण को प्राप्त हुए थे। महान समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द ने भी आज ही के दिन निर्वाण प्राप्त किया था। राम के स्वरूप को मानने वाले स्वामी रामतीर्थ परमहंस का जन्म और जल समाधि दोनों ही दिवाली के दिन हुए। सिखों के छठे गुरु हर गोविंद जी और पराक्रमी राजा विक्रमादित्य ने भी आज ही के दिन विजय पर्व मनाया था। इस वर्ष विक्रम संवत् 2080 में दीपोत्सव 12 नवंबर सन् 2023 ई? रविवार को धर्मशास्त्र अनुसार प्रदोषकाल एवं निशीथकाल व्यापिनी अमावस्या में मनाया जाएगा। यह कई वर्षों बाद स्वाति नक्षत्र से युक्त अमावस्या में मनाया जाएगा। दीपावली महापर्व में लक्ष्मी पूजन का प्रदोष काल में सर्वाधिक महत्व है। इसमें प्रदोषकाल गृहस्थियों एवं व्यापारियों के लिए तथा नीशीथकाल आगम शास्त्र विधि से पूजन हेतु उपयुक्त है। चतुर्दशी या प्रतिपदा में दीपावली-महालक्ष्मी पूजन आदि कृत्य करने का शास्त्रीय विधान नहीं है। इस वर्ष विक्रम संवत् 2080 में कार्तिक कृष्ण अमावस्या रविवार 12 नवंबर सन् 2023 को अपराह्न 02 बजकर 45 मिनट से ही आरंभ होकर अगले दिन सोमवार को अपराह्न 02 बजकर 56 मिनट तक विद्यमान रहेगी। दीपावली पूजा में विहित स्वाति नक्षत्र भी सूर्योदय से लेकर रात्रि 02 बजकर 50 मिनट तक भोग करेगा। प्रदोषकाल जिसका दीपावली-महालक्ष्मी पूजन मे सर्वाधिक महत्व होता है, सायंकाल 5 बजकर 27 मिनट से रात्रि 8 बजकर 09 मिनट तक रहेगा।

गोवर्धन ~इस लड़ी का चौथा माणिक है कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा। यह पर्व भारत की कृषि-प्रधानता, पशुधन, उद्योग व व्यवसाय का प्रतीक है। इसी दिन श्रीकृष्ण ने अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को छत्र की तरह धारण करके वनस्पति और लोगों की इंद्र के प्रकोप से रक्षा की थी। यह गोवर्धन पर्व अन्नकूट के नाम से विख्यात है। इस दिन नाना प्रकार के खाद्यान्न बनाए जाते हैं। घी, दूध, दही से युक्त इनका भोग भगवान को लगाया जाता है। शिल्पकार व श्रमिक वर्ग आज के दिन विश्वकर्मा का पूजन भी श्रद्धा भक्तिपूर्वक करते हैं। आज चहुंमुखी विकास व वृद्धि की कामना से दीप जलाए जाते हैं। इस वर्ष यह पर्व 13 नवंबर 2023 सोमवार को मनाया जाएगा।

भैयादूज माला का पांचवा चमकता पर्व आता है- स्नेह, सौहार्द व प्रीति का प्रतीक- यम द्वितीया या भैया-दूज। इस दिन कार्तिक शुक्ल को यमराज अपने दिव्य स्वरूप में अपनी भगिनि यमुना से भेंट करने पहुंचते हैं। यमुना यमराज को मंगल तिलक कर स्वादिष्ट व्यंजनों का भोजन कराकर आशीर्वाद प्रदान करती है। इस दिन बहिन-भाई साथ-साथ यमुना स्नान करें तो उनका स्नेह सूत्र अधिक सुदृढ़ होगा। इस बार भैया दूज 14 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा।

साभार

द साइकोलॉजी ऑफ मनी: धन के दीवानो... किस्मत और जोखिम सगे भाई-बहन हैं

गुलाम अहमद

बरसों से वित्तीय मामलों पर लिखने वाले मशहूर मॉर्गन हाउसेल अपनी बेस्टसेलर किताब %द साइकोलॉजी ऑफ मनी% में कहते हैं, हम भावुक इंसान हैं, हम मार्केटिंग वाली %रिटर्न ऑन इनवेस्टमेंट% मशीन नहीं। हम वित्तीय विश्लेषण के भारी-भरकम सिद्धांतों और तरकीबों से नहीं अपने आग्रहों, कमजोरियों, इच्छाओं और संयोगों से अपनी संभावनाएं रचते हैं। पैसों को लेकर 18 ऐसी चीजें उन्होंने खोजी हैं, जो पैसों को लेकर हमारा मनोविज्ञान बनाती हैं।दीपावली पर उसकी किताब से कुछ शानदार सूक्तियां~



1. आपके ईगो और कमाई के बीच जो फर्क है, उसका नाम बचत है।
2. कुछ ऐसे घरों में पैदा होते हैं, जहां पढ़ने-लिखने पर जोर होता है, कुछ जगह स्थिति इसके उलट होती है। कुछ युद्ध और गरीबी के बीच पैदा होते हैं। चाहे जहां हों, मैं चाहता हूं कि आप कामयाब हों, मगर इतना याद रखें- तमाम कामयाबियां मेहनत का फल नहीं होतीं, न ही तमाम समृद्धियां ठाले बैठे रहने से उपजती हैं। जब भी आप खुद को और दूसरों को %जज% करें, तो यह दिमाग में रखकर चलें।
3. धन का सबसे बड़ा आंतरिक मूल्य यह है कि यह आपको अपने वक्त को काबू में रखने की ताकत देता है। . यह दिखाने के लिए खर्च करना कि आपके पास अथाह पैसा है, पैसा कम होते जाने की गारंटी है।
5. अच्छे फैसले जरूरी नहीं कि हमेशा तर्क की कसौटी पर सही हों।(पर वे अच्छे हैं)
6. अपनी बचत बढ़ाने के सबसे अच्छे तरीकों में एक आमदनी बढ़ाना नहीं, भीतर की मानवीयता बढ़ाना है।
7. पैसे का इस्तेमाल अपने वक्त पर नियंत्रण के लिए करें, क्योंकि यही आपकी खुशी का हिसाब तय करता है। आप कब, क्यों, किसके साथ और किस स्तर तक क्या करना चाहते हैं, इसकी शक्ति तभी मिलेगी। फाइनेंस में यही सबसे बड़ा डिविडेंड यानी लाभांश है।
8. भद्र बनें और कम दिखावा करें। आपके पास कितनी संपत्ति है, इससे किसी को मतलब नहीं है। आप शायद एक शानदार कार और आकर्षक घड़ी खरीदने के बारे में सोचते होंगे। लेकिन जो चीज आप असल में पाना चाहते हैं, वह सम्मान और प्रशंसा है। यह आप दयालुता और मानवता का परिचय देकर ही पा सकते हैं।
9. आपकी मेहनत अपनी जगह है, लेकिन असल में परिणाम किस्मत और जोखिम पर निर्भर करता है। ये दोनों सगी संतानें हैं। यह दुनिया बहुत जटिल है, जो किसी को सौ फीसदी परिश्रम करने से सौ फीसदी नतीजा हासिल करने नहीं देती।
10. लोगों के कर्ज के बोझ में डूबने के बारे में जानने के लिए यह पता लगाना जरूरी नहीं है कि ब्याज दरें क्या थीं, इसके बजाय उसके लालच, असुरक्षा और उम्मीदों का इतिहास जानना कहीं ज्यादा जरूरी है।
11. हर चीज की कीमत होती है, पर हर कीमत लेबल पर नहीं लिखी होती ।
12. किस्मत और जोखिम की इज्जत कीजिए क्योंकि इससे आप अपने यथार्थ लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। आपको अपने आदर्श यानी रोल मॉडल तय करने में भी आसानी होगी ।
13. लोगों की संपत्ति के बारे में हमारी राय उन सूचनाओं से बनती है, जो हमारे पास होती हैं, या वह व्यक्ति जैसा रहता-दिखता है, पर हमने उसका बैंक स्टेटमेंट या कर्ज का हिसाब तो नहीं देखा? कपड़े, कार, घर, इंस्टग्राम-आधुनिक पूंजीवाद लोगों को तब तक फर्जी होना सिखाता है, जब तक कि फर्जी होना ही सबसे लोकप्रिय उद्योग न हो जाए ।
14. अमीर होने का सबसे बड़ा लक्षण यह है कि आप सुबह उठें और कह सकें-%हां, जो मैं करना चाहता हूं, वह कर सकता हूं।
15. सबसे बड़ा वित्तीय कौशल यह है कि, हर बार आप अपना गोल-पोस्ट यानी लक्ष्य-बिंदु बदलना बंद कर दें।

(साभार : द साइकोलॉजी ऑफ मनी को भारत में जैको पब्लिकेशन ने छापा है और मूल संस्करण हरिमन हाउस का है)

इस बार आदर्श दीपावली मनाएं

सारंग उपाध्याय

तमसो मा ज्योतिर्गमय इस श्लोक का अर्थ है हे भगवान ! आप मुझे असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर ले कर चलें ऐसी प्रार्थना है। प्रत्येक प्राणिमात्र का प्रयास प्रकाश की ओर जाने का होता है, जिस स्थिति में हम हैं उसके आगे की स्थिति में जाने के लिए व प्रगति करने के लिए होता है। अर्थात नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर जाना होता है। जीवन में सकारात्मकता सिखाना और प्रकाश की ओर मार्गक्रमण करना सिखाने वाला त्यौहार अर्थात दीपावली।

सत्य की विजय का प्रतीक : प्रभु श्री रामचंद्र जी 14 वर्षों का वनवास पूर्ण करके दीपावली के दिन अयोध्या में लौटे थे। प्रभु श्री रामचंद्र जी के आगमन से प्रजा को बहुत आनंद हुआ। उनके स्वागत के लिए संपूर्ण अयोध्या नगरी में घर–घर में घी के दीये जलाकर आनंद व्यक्त किया गया। प्रभु श्रीराम के सत्यस्वरुप होने से कारण उनकी विजय अर्थात सत्य की ही विजय थी। इस विजय के उत्सव के रूप में हम दीपावली को दीपोत्सव व प्रकाशोत्सव के रूप में मनाते हैं।

सकारात्मकता बढ़ाने वाला त्यौहार : दीपावली आने से पहले घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, अपने आसपास का परिसर तथा शहर की स्वच्छता शुरू होती है। जाले हटा कर, रंगाई–पुताई की जाती है। टूटे–फूटे साहित्य की मरम्मत की जाती है। इससे साफ सफाई और स्वच्छता के साथ वातावरण की सकारात्मकता बढ़ती है। इसका प्रत्येक जीव के मन बुद्धि पर सकारात्मक परिणाम होता है। मन की नकारात्मकता दूर हो कर हमें आनंद प्राप्त होता है।

गुण वृद्धि के लिए लक्ष्मी पूजन : लक्ष्मी पूजन अश्विन अमावस्या को सायं काल में करते हैं। रात्रि बारह बजे अलक्ष्मी नि:सारण किया जाता है। शास्त्र के अनुसार लक्ष्मी पूजन के कारण पूजा करने वाले को लक्ष्मी तत्व का लाभ होता है। वह लाभ टिकाए रखने के लिए धर्माचरण करना आवश्यक है। अधर्म का साथ देने अथवा कर्तापन निर्माण होने पर हम स्थिर नहीं रह सकते। लक्ष्मी चंचल है! ऐसा कहा जाता है, परंतु सच में लक्ष्मी चंचल है क्या? इसका उत्तर फ्रनहींफ्र ऐसे हैं। वह निरंतर भगवान के अनुसंधान स्थिर रहती है। जहां अनुसंधान रहता है, वहां धर्माचरण होता है, वहां लक्ष्मी विराजमान होती है।

ऐश्वर्या, सौंदर्य, शांति, सत्य, समृद्धि और संपत्ति इनकी अधिष्ठात्री देवी श्री लक्ष्मी कमलासन पर विराजमान हो कर समुद्र मंथन से आई हैं। ऐसी लक्ष्मी माता का वर्ष में केवल एक बार पूजन करने से वो प्रसन्न होगी क्या? उसे प्रसन्न रखना हो तो कमल जिस प्रकार से कीचड़ से बाहर आता है उसी प्रकार से अपने स्वभाव दोषों के कीचड़ को दूर कर के धर्माचरण करना चाहिए। इस प्रकार से धर्माचरण करते हुए ईश्वर के अनुसंधान में रममाण होने से श्री लक्ष्मी हृदय कमल पर निश्चित ही विराजमान होगी तथा धन–धान्य के रूप में हमारे पास स्थिर रहेगी। स्वयं में दुर्गुण दूर करने के लिए प्रयत्न करना महत्वपूर्ण है, यही खरे अर्थ से अलक्ष्मी नि:सारण है।

सांप्रत काल में दिवाली का बदलता स्वरूप : दीपावली, समृद्धि की ओर, आनंद की ओर, प्रकाश की ओर लेकर जाने वाला त्यौहार है। परंतु, आज की परिस्थिती को देखते हुए दीपावली अर्थात देवता, महापुरुषों के चित्रों वाले पटाखे फोडना, सिनेमा के गानों से युक्त दीपावली की सुबह, आंखों को कष्ट देने वाली और घातक चीनी दीपमाला और आकाश दीये की जगमगाहट, इन सभी के कारण दीपावली का संपूर्ण स्वरूप बदल गया है। इससे नकारात्मकता बढ़ रही है। जिस लक्ष्मी की घर में पूजा करते हैं उसी के फोटो वाले पटाखे फोड कर हम चिथड़े उड़ा देते हैं। यह योग्य है क्या? ऐसे करने से वह प्रसन्न होगी क्या? घर में की गई पूजा का कुछ भी परिणाम न हो कर उससे देवताओं का अनादर ही होने वाला है। इस अनादर से होने वाला पाप हमारे कृती से घटित हो रहा हो तो वह पूजा फलित होगी क्या? इस प्रकार के अयोग्य कृति के कारण युवा पीढ़ी के सामने हम क्या आदर्श रखेंगे? इसका विचार करना चाहिए। स्वदेशी और पारंपरिक सहित्य की अपेक्षा जगमगाहट और पश्चिम की ओर झुकाव बढ़ रहा है। यह परिस्थिती बदलनी चाहिए। तभी हमें दिवाली का खरा आनंद मिल सकता है।

हैप्पी दिवाली 2023

आदर्श दिवाली मनाने का ध्येय लें : देवता, महापुरुषों के पटाखों की बिक्री हो रही हो तो हिंदुओं को एकत्रित आकर इस विषय पर प्रबोधन करना चाहिए। हमारे संपर्क में आने वाले बच्चों और युवाओं का प्रबोधन करना चाहिए। दिवाली के दिन अशास्त्रीय और अश्लील गानों की अपेक्षा भाव भक्ति और देश प्रेम निर्माण करने वाले गानों के लिए आग्रह करना चाहिए। भावी पीढ़ी का कौशल्य विकसित करने के लिए तथा उनमें हिंदू धर्म–राष्ट्र व संस्कृति के विषय में प्रेम और कृतज्ञता भाव निर्माण हो इसलिए रंगोली स्पर्धा, परिसर स्वच्छता और सजावट करने जैसी स्पर्धा करनी चाहिए। शरीर और पर्यावरण पर घातक परिणाम करने वाले विदेशी और चीनी उत्पाद न लेते हुए स्वदेशी और हलाल मुक्त उत्पाद लेने का प्रण लेना चाहिए। इस विषय में स्वयं जागृत रहकर कृति कर के अन्यों को भी जागृत करना होगा। ऐसी आदर्श दिवाली ही हमें % मृत्योर्मा अमृतं गमय% प्रदान करती है अर्थात मृत्यु से जीवन की ओर चलना सिखाती है। इससे ही हमारा जीवन अमृत के समान आनंदमयी होता है। आइए हम अपने कुलदेवता का स्मरण करके उनसे प्रार्थना करें! %हे भगवान! आप ही हम से इस वर्ष आदर्श दीपावली मनवा लीजिए। हमारी व्यक्तिगत उन्नति के साथ ही राष्ट्र–धर्म की रक्षा व उसकी भी उन्नति के लिए हम से धर्माचरण करवा कर लीजिए यही प्रार्थना है।

रंगोली प्रतियोगिता से मतदान का संदेश

इटारसी के सभी वार्ड में मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली सजाई

एक दीप मतदान के नाम

नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो

विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन में आज 11 नवंबर 2023 को महिला बाल विकास परियोजना इटारसी में महिला मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया ।

इसके अंतर्गत इटारसी के सभी वार्ड एवं मतदाता में मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली सजाई गई जिसमें उपस्थित महिलाओं व किशोरी बालिकाओं द्वारा सुंदर-सुंदर रंगोली बनाई गई ।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को इस बार 17 नवंबर 2023 को वोट डालने हेतु प्रेरित कर उन्हें उनके अधिकार के बारे में बताया गया सभी वार्ड की महिलाओं को यह भी बताया गया कि इस बार वोट डालने अवश्य जाएं वह अपनी मतदान पर्ची जो बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वितरण कर रही है उसके साथ अपना फोटो युक्त पहचान पत्र अवश्य ही ले जाएं । मतदान केंद्र के नियमों का पालन करते हुए अपना वोट बटन दबाकर डालें सभी से निवेदन आग्रह किया गया कि इस बार एक भी महिला मतदाता मतदान करने से ना छूटे अपने साथ अपने आस पड़ोस की महिलाओं को भी साथ ले जाएं।

17 नवंबर को मतदान का समय सुबह 7.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक है कार्यक्रम के अंत में सभी ने अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्र मतदान केंद्र व घरों में एक-एक दीप प्रज्वलित किए सभी महिलाओं में मतदान करने हेतु उत्साह दिखाई दिया।

सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार बिजली पानी सड़क स्वास्थ्य का

जबेरा-इस बार दोनों पार्टियों कर राह आसान नहीं

दमोह, विशाल रजक

जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र पर कांग्रेस और भाजपा के विधायक बारी बारी से सत्ता करते आ रहे हैं। इसके बावजूद भी क्षेत्र का विकास शून्य हैं इस बार फिर क्षेत्र की जनता परिवर्तन चाह रही है। जबेरा विधानसभा में 1957 से सत्ता की अदला-बदली का खेल चल रहा है। कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा सत्ता में आती रही हैं यहां से भाजपा लगातार दो बार के लिए सत्ता में कभी भी नहीं आई है। समस्याएं जस की तस आज भी बनी हुई है। जहां बिजली पानी सड़क स्वास्थ्य सुविधाएं नदारद हैं। वहीं. क्षेत्र में रोजगार के कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है। लोग रोजगार की तलाश में अन्यत्र पलायन कर रहे हैं। अधिकांश परिवार खेती पर निर्भर है किन्तु इनके पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं है क्षेत्र का अस्पताल डॉक्टरों व स्टाफ की कमी से खुद बीमार चल रहा है। ज्यादातर कर्मचारी जिला मुख्यालय में अपनी नौकरी कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के पचास से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी तक की सुविधा नहीं है जो नल जल योजनाएं बनी हुई है वो सिर्फ देखने के लिए ही क्षेत्र में अगर सड़कों की बात करें तो जबेरा विधानसभा क्षेत्र में अनेक गांव आज भी ऐसे हैं जहां आजादी से लेकर आज तक सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है वहीं दूसरी ओर सबसे बड़ा मुद्दा युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए पलायन बना हुआ है जहां रोजगार और काम नहीं मिलने के कारण लोग अन्य प्रदेशों और शहरों में रोजगार के लिए पलायन करते आ रहे हैं

क्षेत्र के मुद्दे

रोजगार जबेरा विधानसभा उपलब्ध,बड़ी संख्या में पलायन को रोकना, स्कूलों में **शिक्षा** स्तर सुधारा जाए, कानून व्यवस्था को बेहतर, नाली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधा प्राथमिकता के साथ, गांव गांव में पाने का पानी।

1957 से अभी तक के विधायक

1957, 1962, 1967 कुंजबिहारी लाल गुरु कांग्रेस, 1972 नेक नारायण सिंह कांग्रेस, 1977 नरेंद्र सिंह ठाकुर जनता पार्टी, 1980 रत्नेश सॉलोमन कांग्रेस, 1985 राज बहादुर सिंह कांग्रेस, 1990 ओम प्रकाश राय भाजपा, 1993, 1998 रत्नेश सॉलोमन कांग्रेस, 2003 चंद्रभान सिंह भाजपा, उप चुनाव 2004 दशरथ सिंह भाजपा, 2008 रत्नेश सॉलोमन कांग्रेस, उप चुनाव 2010 दशरथ सिंह भाजपा, 2013 प्रतापसिंह लोधी कांग्रेस 2018 में धर्मेंद्र सिंह लोधी भाजपा रहे।

मुकाबला बड़ा रोमांचक

इस सीट में भाजपा और कांग्रेस की ही कांटे की टक्कर मानी जा रही है लेकिन यह भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के चुनावी मैदान में गोंगपा बसपा गठबंधन से विनोद राय के उतर जाने से इस सीट का मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। राय भी तेजी से जनता के बीच जाकर अपनी पैठ बना रही है। माना जा रहा है कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रत्याशियों की जीत इस बार आसान नहीं होगी

दोनों ही मुख्य पाटियों में भीतरघात

चुनाव के वक्त कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता ने पार्टी के नेताओं के माथे पर पसीना ला दिया है। भीतरघात टिकिट बंटवारे के समय देखने को मिली थी। जिसका सामना दोनों ही प्रत्याशियों को करना पड़ रहा है बहरहाल चुनाव की सरगर्मी तेज हैं एक बार फिर नेता और मतदाता आमने सामने हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार भी मुद्दों में शुमार है प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए एक बार फिर तरह तरह के वादे कर रहे हैं पर इस बार देखने वाली बात होगी कि जबेरा विधानसभा के लोगों का क्या मूड़ हैं और इस बार किस पार्टी को भेजते हैं विधानसभा में

क्षेत्र की समस्याएं एवं मुददे

विधायक विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा एवं जबेरा जनपद पंचायत में समर्थन मूल्य पर गेहूं, धान, शहर, उड़द एवं मूंग खरीदी केंद्र में किसानों के साथ मनमानी एवं अनियमितता से किसान खफा हैं। शिक्षा स्वास्थ्य सुविधाओं के अलावा रोजगार देने पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं।

जिले में पदस्थ कर्मचारी 13 एवं 14 को कर सकेंगे मतदान

नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में कार्यरत शासकीय अधिकारी / कर्मचारी जो अन्य जिलों के मतदाता है तथा जिन्होंने फॉर्म 12 प्रस्तुत किया है, ऐसे अधिकारियों/ कर्मचारियों का मतदान जिला स्तर पर दिनांक 13 नवम्बर एवं 14 नवम्बर 2023 को शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज नर्मदापुरम में समय प्रात 09.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक मतदान कराया जायेगा ।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम देवेंद्र कुमार सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे अधिकारी / कर्मचारी जिन्होने फार्म-12 प्रस्तुत किया है उन्हें उक्त तिथियों पर मतदान करने के लिए अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करें।

प्रेक्षक आर गिरीश ने किया मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

नर्मदापुरम। विधानसभा चुनाव के मतदान केंद्रों तथा शासकीय एसएनजी स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम का शनिवार को जनरल ऑब्जर्वर आर गिरीश ने निरीक्षण किया। उन्होंद मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की। इसके अलावा कमी को पूरा करने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सामान्य प्रेक्षक आर गिरीश ने केंद्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने व व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए विधानसभावार ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। विधानसभा निर्वाचन के लिए नर्मदापुरम और सिवनीमालवा विधानसभा के लिए सामान्य प्रेक्षक आईएएस अधिकारी आर गिरीश को नियुक्त किया है। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारी आशीष पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मेट्रो एंकर

कलेक्टर ने नागरिकों से निर्धारित मानक पटाखों का उपयोग करने की अपील की

दीपावली पर पटाखों के उपयोग के लिए निर्धारित मानक संचालक प्रक्रिया का पालन करें-कलेक्टर

नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो

दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में निर्धारित मानक संचालक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने उक्त निर्देश जिले के समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया है कि दीपावली पर्व के दौरान रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का उपयोग वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार किया जाए। पटाखों का प्रस्फोटन अस्पताल, नर्सिंग होम्स, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित रहेगा ।

इस संबंध में कलेक्टर श्री सिंह ने आम लोगो के लिए अपील जारी की है। आमजनो को अवगत कराया गया है कि दीपावली पर्व के दौरान विभिन्न पटाखों का उपयोग ब?ी मात्रा में किया जाता है जिससे वायू प्रदूषण होता है। वायू प्रदूषण को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में मानक संचालक प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार ऐसे शहर जहाँ वायू गुणवत्ता खराब है, बहुत खराब अथवा गंभीर श्रेणी में है ऐसे शहरों में सभी प्रकार के पटाखो के बिक्री अथवा उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वर्तमान में नर्मदापुरम शहर की एक्यूआई 100.68 है जो मध्यम श्रेणी के तहत है अत- हरित पटाखों के अलावा अन्य पटाखें का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा तथा पटाखों का उपयोग रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाए। पटाखों के जलने के उपरांत बचे हुए अवशेष, कागज के टुक? एवं अधजली बारूद के संपर्क में आने से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना रहती है। अत- पटाखो के जलने के उपरांत उत्पन्न कचरे को ऐसे स्थानों पर न फेंका जाए जहाँ पर प्राकृतिक जल स्त्रोत, पेयजल स्त्रोत के प्रदूषित होने की संभावना हो। कलेक्टर श्री सिंह ने आमजनता से अपील की है कि वे सिर्फ हरित पटाखों का उपयोग सीमित मात्रा एवं निर्धारित समयावधि में ही करे।

सड़क दुर्घटना में हुए घायलों से मिलने पहुंचे कलेक्टर एसपी.

बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम. माखननगर के ग्राम बुधवाड़ा में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायलों से मिलने कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से चर्चा कर सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ग्राम बुधवाडा में हुई सड़क दुर्घटना में 10 व्यक्ति घायल हुए, जिनमें से 6 व्यक्ति का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय श्री सुधीर विजयवर्गीय, डॉ सुनील जैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दोपहर मेट्रो
Help Line
ग्राम राजा सरकार जागरण ग्रुप
देवी जागरण
भजन संध्या, सुंदरकाण्ड
Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
- All type of Planning Work
- Residential, Commercial & Industrial Projects
- Structural, Elevation (2D & 3D) & Interior Designing
- Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, B-Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.)
8319509358

दिग्विजय सिंह बोले- रामजी तो हम सब के आराध्य हैं, सरकार बनने पर मुख्यमंत्री कन्या योजना में देंगे 1 लाख

‘हमने ऐसा सहज और सरल उम्मीदवार दिया, जो हमेशा जनता के बीच रहता है’

सभा स्थल पर पहुंचे हजारों की संख्या में लोग

सब मिलकर गगनेंद्र को जिताने जुट जाएं: सिंह

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लटेरी में कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कहा कि हमने इस बार ऐसा प्रत्याशी मैदान में उतारा है जिसका व्यवहार इतना सहज और सरल है हमेशा जनता जनार्दन के बीच में रहता है। जिसकी सहजता के चर्चे हमेशा होते हैं। दूसरी ओर ऐसे उम्मीदवार हैं जिनके घमंड की चर्चाएं होती हैं। इसीलिए सभी लोग पूरी ताकत से गगनेंद्र रघुवंशी को भारी जन समर्थन से चुनाव जितने के लिए पूरी ताकत से जुड़ जाएं। वही उन्होंने मंच से उन जिम्मेदार बड़े नेताओं से कहा कि मैं 3 तारीख को देखूंगा किसने कितनी जिम्मेदारी से अपने क्षेत्र में काम करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करवाया है । मैं खुद एक-एक पोलिंग की जानकारी लेकर देखूंगा किस नेता ने कितनी पोलिंग पूरी ईमानदारी से काम करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को वोट दिलवाने में अपनी भूमिका निभाई है। क्योंकि कई नेता दिग्विजय सिंह के सामने तो कांग्रेस के हित की बात करते हैं पर पीछे दरवाजे से चोट करने में लगे हुए हैं जैसे ही दिग्विजय सिंह ने अपनी बात रखी तो कुछ नेता चिंता में पड़ गए। इसके साथ इन्होंने भाजपाइयों और सरकार, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के ऐसे ऐसे कारनामों को भाजपा सरकार ने अंजाम दिया जिनको बताने का काम करेंगे तो पूरी दिन निकल जाएगा एक एकड़ में करोड़ों की आय दिखाने का काम शिवराज सिंह करते हैं ऐसा मैंने किसी किसान को नहीं देखा जो इनके फार्म हाउस से हो रहा है यह सब विदिशा में देखने को मिल रहा है। भ्रष्टाचार के इस खेल को समाप्त करने का हमारी सरकार आने पर किया जाएगा कांग्रेस हमेशा जाति धर्म के नाम पर राजनीति नहीं करती है भगवान श्रीराम जी हम सब के आराध्य हैं पर आज भगवान राम के नाम पर भी भाजपा राजनीति कर रही है और तो और हिंदुओं के बीच में खाई पैदा करने की कोशिश कर रही है। पर जनता आप सब जानने लगी है कोई इनकी बातों में नहीं आ रहा है। इसीलिए ऐसे लोगों से सावधान रहें सभी पूरी ताकत से कांग्रेस के लिए कम करें कमलनाथ जी की सरकार आने पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 100000 रुपये की राशि दी जाएगी माता बहनों को 1500 रुपये महीने दिए जाएंगे वृद्धावस्था पेंशन दुगनी हो जाएगी पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी ,किसानों के कर्ज माफ करने का काम जो रह गया है । उसको भी पूर्ण किया जाएगा कमलनाथ जी ने सरकार बनते ही इस काम को प्रारंभ किया था हजारों किसानों का कर्ज माफ भी किया आगे भी कर रहे थे। पर सरकार को गिरा दिया है जो कर्ज माफी का हमने वादा किया है उसको भी सरकार बनने पर पूर्ण करेंगे किसानों को हम पहले 5 हॉर्स पावर तक का बिजली का बिल माफ करते थे। इस सरकार ने उल्टा किसानों को बिजली चोरी के आरोप में जेल भेजने का काम किया गया है। हमारी सरकार आते ही इसको हम बदल देंगे 200 यूनिट तक बिजली फ्री दी जाएगी पड़ाई के साथ मेधावी छात्रों को1500 देंगे बेरोजगारों को भत्ता देने का काम किया जाएगा । सभी कार्यकर्ताओं को उन्होंने मंच से संकल्प दिलाते हुए कहा कि इस बार जनता के बीच में रहने वाला उम्मीदवार आया है सभी लोग संकल्प लेकर यहां से जाएं ओर भारी जन समर्थन से गगनेंद्र रघुवंशी को चुनाव जितकर विधानसभा भेजें। जिससे कि क्षेत्र को एक ईमानदार विधायक मिले। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी ने कहा कि मैं तो जनता का सेवक हूं उसी ने मुझे यहां तक पहुंचा है और वही मुझे विधानसभा भेजेगा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के हाथ भी मजबूत मेरे क्षेत्र के प्यारे लोग करेंगे बस मैं तो जनता जनार्दन के बीच में रहकर में उनके हित में पूरी ईमानदारी से काम करुंगा जिला अध्यक्ष राकेश कटारे के साथ अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किया वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का इससे पहले बड़ी माला आदि से स्वागत किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

देश के गृहमंत्री पहली बार 13 को आएंगे, करेंगे सभा

उमाकांत के हक में निकलेंगे अमित शाह के बोल

देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पहली बार 13 नवंबर को जिले की धरती पर कदम रखेंगे। भाजपा के चुनाव प्रचार के लिए वे दिवाली के 1 दिन बाद सिरोंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। सिरोंज। बीते 2018 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने विदिशा से प्रत्याशी मुकेश टंडन के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया था। इस बार 2023 के चुनाव में इस राजनीतिक जोड़ी के दूसरे बड़े किरदार गृहमंत्री अमित शाह सिरोंज में बीजेपी प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के हक में आ रहे हैं। गृहमंत्री हेलीकॉप्टर से सिरोंज पहुँचेंगे और स्थानीय बस स्टैंड पर 13 नवंबर सोमवार को सुबह 11:00 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। उनकी चुनावी सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे रहे।

आक्रामक भाषण शैली और कठोर अनुशासन के लिए जाने जाते हैं शाह

केंद्र की भाजपा सरकार में नम्बर दो की हैसियत रखने वाले तथा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी अमित शाह का यह विदिशा जिले का पहला दौरा है। अमित शाह चुनावी रणनीति बनाने में महारथ रखने के साथ आक्रमक ओर कठोर शैली और अनुशासन के लिए जाने जाते है। विधानसभा चुनाव में उनकी आमसभा की तारीख जारी होने के बाद से ही कार्यकर्ताओं उत्साहित दिखाई दे रहें है।

एसपी ने भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ किया सभास्थल का मुआयना

शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन तथा महामंत्री बलबीर रघुवंशी ने स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों के साथ बस स्टैंड पर होने वाली सभा स्थल का एसपी दीपक शुक्ला के साथ प्रशासनिक मुआयना किया। देश के गृह मंत्री के सभा लेने आने के कारण पुलिस प्रशासन भी सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने हेलीपेड स्थल तथा वहाँ से सभा स्थल के मार्ग का अवलोकन भी किया व सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश प्रदान किए। स्थानीय संगठन की ओर से विधानसभा चुनाव संचालक रमेश यादव ने अपनी रूपरेखा ओर की जा रही तैयारियों से भी प्रशासन को अवगत कराया। इस दौरान अडिशनल एसपी यादव भी मौजूद है।

सभा को भव्य बनाने तैयारियों में जुटे भाजपाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से भाजपा कार्यकर्ता दीपावली त्यौहार के बीच भी सभा की तैयारियों के लिए सक्रिय दिखाई दिए। अमित शाह के चुनावी तैयारियों को लेकर सिरोंज एवं लटेरी के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहकर प्रचार प्रसार करते रहे। यह प्रचार दीवाली के दिन भी होगा। त्यौहार के बीच एकदम से मिली सभा से उत्साहित कार्यकर्ता सभा मे व्यापकता के साथ अंचल के हितग्राही परिवार,भाजपा कार्यकर्ताओं ओर आम नागरिकों का व्यापक प्रचार प्रसार करते रहे।

निर्दलीय उम्मीदवार कुशवाह ने कांग्रेस प्रत्याशी को दिया समर्थन

शनिवार को देर रात्रि में कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी की कार्यशाली व सरल व्यवहार से प्रभावित होकर निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुशवाहा ने अपने समर्थकों के साथ उनके घर पर पहुंच कर को समर्थन देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी साधारण व्यक्ति है इनका व्यव्हार बहुत ही अच्छा स्वभाव सरल है इसलिए मेने और अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है ।अब हम पूरे तन मन धन से इनको चुनाव जितने के लिए काम करेंगे भारतीय जनता पार्टी को आने से रोकने के लिए हमने यह निर्णय लिया है क्योंकि भाजपा ने हमेशा हमारे वोट बैंक का उपयोग किया है आज तक समाज हित में कोई भी काम नहीं किया साथ ही समाज का केवल उपयोग किया है समाज को अंडा बनाने के लिए कभी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी हमारे समाज के किसी व्यक्ति को नहीं दी है। कांग्रेस में हमें पूरा सम्मान मिलेगा गगनेंद्र रघुवंशी जो की एक सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं उनके साथ जुड़ने से मेरा और मेरी समाज का भी मान सम्मान बड़ेगा वही कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी ने कहा कि मैं हमेशा सभी समाजों का पूरा सम्मान करता हूं । निर्दलीय उम्मीदवार मनोज कुशवाहा ने आज मुझे समर्थन दिया है मैं उनको विश्वास दिलाता हूं इनके सभी साथियों और कुशवाहा समाज जनों को पूरा सम्मान दिया जाएगा । विगत कुछ दिनों से इसी तरह कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में कई लोग ओर भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर चुके हैं। अन्य दलों से भी छोड़कर हाथ का दामन थामने का सिलसिला निरंतर जारी है। इसका लाभ आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा

मतदाता जागरुकता रैली निकली

भोपाल, दोपहर मेट्रो. मतदान के प्रति लोग जागरुक बनें इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके तहत ईदगाह हिल्स स्थित स्पर्श भवन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग बच्चों ने हाथों के ईशारों और साइन लैंग्वेज से अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने मतदान करने का संकल्प लिया।

59,031 वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मतपत्र से घर से किया मतदान

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा मिली है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में 10 नवंबर तक 59 हजार 031 वरिष्ठ तथा दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। इसी तरह से निर्वाचन ड्यूटी में लगे 2 लाख 25616 अधिकारियों-कर्मचारियों ने फैसिलिटेशन सेंटर, अत्यावश्यक सेवाओं में शामिल 882 अधिकारियों-कर्मचारियों और 67 सेवा निर्वाचक मतदाताओं ने डाक मतपत्र से मतदान किया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अत्यावश्यक सेवाओं के रूप में कार्यरत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग और ऊर्जा विभाग में सेवारत शासकीय सेवकों को मतदान के दिन ऑन ड्यूटी होने के कारण निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम न होने से डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा दी है।

मेट्रो एंकर

पटाखा बाजार में खरीदारी हुई प्रारंभ

आज मनेगा दीपों का त्यौहार दीपावली बाजार में चहल-पहल, होगी धन की वर्षा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को दीपों का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा वहीं दीपावली पर हर सेक्टर में भारी खरीदारी होती जिसको देखते हुए बाजार बूम-बूम रहेगा और सभी क्षेत्रों में जमकर धन की वर्षा होगी शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की जाएगी व्यापारियों के द्वारा भी रात्रि में दीपावली पर पूजा अर्चना करवाई जाएगी इससे चलते देर रात तक बाजार में चहल-पहल देखने को मिलेगी वहीं दीपावली के 1 दिन पहले रूप चौदस पर भी बाजार में भारी खरीददारी देखने को मिली बाजार में पैर रखने को भी जगह नहीं थी भारी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को भी व्यवस्था ठीक करने की याद आई और शहर के मुख्य बाजार में कई जगह पर पुलिसकर्मी तैनात रहे और भारी वाहनों को बाजार में जाने से रोकते रहे । जिसके चलते व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही नहीं तो बाजार में भारी वाहनों के आने-जाने के कारण जाम के हालात निर्मित हो रहे थे। पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था जिसकी संवाददाता द्वारा शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी इसका असर भी देखने को मिला दूसरी ओर दीपों का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मनाया जाएगा विषेश मुहूर्त में गौ माता की पूजा अर्चना के साथ महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना होगी घरों को दूधिया रोशनी के साथ दीपों से सजाया जाएगा साथ ही आसमान पर आतिशबाजी का सुंदर नजर आगे देखने को मिलेगा जिसके चलते पंचकुइयों के पास में पटाखा बाजार सज गया है ।जहां पर पटाखे की दुकान लगी हुई है पटख व्यापारियों ने बताया कि कि दीपावली पर अच्छी बिक्री होगी अभी हल्की ग्रहकी प्रारंभ हो गई है। इसके अलावा अन्य सेक्टरों में भी व्यापारियों ने बड़ी मात्रा में स्टार्ट किया हुआ है । जिसकी चलते बाहरी रौनक इन दिनों बाजार में देखने को मिलेगी।

घटिया दवाईयां आपकी सेहत को नुकसान पहुँचा सकती है
90 वर्षों से महिलाओं का No.1 टॉनिक हेमपुष्पा ही लें
HEMPUSHPA
असरदार व भरोसेमंद
महिलाओं का No.1 टॉनिक
India's No. 1 Women Health Tonic
✓ कठिन दिनों के दर्द व तकलीफ़ें
✓ भूख न लगना
✓ खून की कमी (हिमोग्लोबिन)
✓ चिड़चिड़ापन
✓ थकान, घबराहट, कमज़ोरी
✓ खून साफ़ करे
✓ हथेली व तलवों की जलन
✓ रुप निखारे
✓ महिला हार्मोन्स की गड़बड़ी
No. 1
हेमपुष्पा
मिलती-जुलती पैकिंग व विज्ञापन से भ्रमित न हों, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें

मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

प्रियंका चोपड़ा की मां बोली

निक को लेकर मन में शंका थी

प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में बताया है कि जब निक जोनस से प्रियंका शादी करने वाली थीं, तब उन्हें आंशका थी कि निक अच्छे पति बनेंगे या नहीं। प्रियंका ने किसी इंडियन नहीं बल्कि एक अमेरिकी के साथ पूरी जिंदगी साथ बिताने का फैसला किया था, इस चीज को लेकर मधु बहुत परेशान रहती थीं। उनकी ये चिंता तब जाकर दूर हुई जब उन्होंने निक से मुलाकात की। पहली ही मुलाकात में मधु को लग गया था कि निक उनकी बेटी के लिए बिल्कुल सही पार्टनर हैं। बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए मधु से पूछा गया कि क्या वो चिंतित थीं जब प्रियंका किसी इंडियन से नहीं बल्कि एक विदेशी से शादी कर रही थीं। इस पर मधु ने कहा- प्रियंका ने पहले ही भारत से बाहर पढ़ाई की है, इसलिए गोरे, काले और भूरे के बीच कोई अंतर महसूस नहीं हुआ। हमारे परिवार में भी ये सारी बातें सामान्य ही थीं।

शादी के वेन्यू पर ही खर्च हुए थे 4 करोड़

निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने 2 दिसंबर, 2018 को उदयपुर के उम्मेद भवन में हिंदू और क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी की थी। शादी के लिए जोधपुर का ताज उम्मेद भवन पैलेस 4 करोड़ रुपए में बुक किया गया था। राजस्थान में हुई शादी के फंक्शन 29 नवंबर से शुरू होकर 3 दिसंबर तक चले थे। 2 दिसंबर को हिंदू रीति-रिवाज और 3 दिसंबर को क्रिश्चियन तरीके से शादी हुई थी। बता दें सितंबर 2016 में पहली बार निक ने ट्विटर पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर 2017 में प्रियंका और निक को डिजाइनर राल्फ लॉरेन ने मेट गाला में इनवाइट किया था। इससे पहले ये दोनों एक ड्रिंक पार्टी में न्यूयॉर्क में मिले थे। इस मुलाकात के बाद प्रियंका ने निक को अपने घर पर बुलाया था। तीसरी डेट में निक समझ गए कि प्रियंका ही वह लड़की है जिससे वह शादी करना चाहते थे। इसके बाद उन्होंने प्रियंका को प्रपोज किया था और फिर दोनों शादी के बंधन में बंध गए।

एक्ट्रेस ने बताया पुराना किस्सा

एक फोटोग्राफर ने बदल दी *शिल्पा शेट्टी* की जिंदगी

शिल्पा शेट्टी का नाम आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं। मगर करियर के शुरुआती के दिनों में उन्हें कई प्रोड्यूसर ने बिना किसी कारण फिल्म से रिजेक्ट कर दिया था। वहीं जब उन्होंने बिग ब्रदर में पार्टिसिपेट किया था, जब शो के दूसरे कंटेस्टेंट रंग के आधार पर उनके साथ भेदभाव करते थे। इतना ही नहीं पहले बच्चे के जन्म के बाद शिल्पा को पोस्टपार्टम डिप्रेशन से जूझना पड़ा था।

कई प्रोड्यूसर ने बिना किसी कारण फिल्म से बाहर निकाला

शिल्पा ने 1993 में फिल्म बाजीगर से बॉलीवुड डेब्यू किया था। एक इंटरव्यू में उन्होंने शुरुआती संघर्ष के बारे में बताया था, मैं एक काली, लंबी और दुबली बच्ची थी। ग्रेजुएशन के बाद मुझे पिता के काम में हाथ बटाना था। हालांकि मेरे दिल में कुछ अलग, कुछ बड़ा और बेहतर करने की चाहत थी, लेकिन मुझे लगता था कि शायद मैं ये कभी नहीं कर पाऊंगी। लेकिन जब मैंने फैशन शो में पार्टिसिपेट किया था, तब वहां पर मेरी मुलाकात एक अमेरिकी फोटोग्राफर से हुई थी, जो मेरी तस्वीरें लेना चाहते थे। उनकी इन बातों ने मुझे बहुत प्रेरित किया। लगा कि इस फिजिक के साथ मैं बेहतर कर सकती हूं। बाद में, शिल्पा ने उस अमेरिकी फोटोग्राफर से अपना फोटोशूट करवाया था, जिसे फोटोग्राफर ने कई सारे मॉडलिंग एजेंसी में सर्कुलेट कर दिया था। इसी के बाद शिल्पा के पास मॉडलिंग के लिए ऑफर आने लगे। 10वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद शिल्पा ने लिम्का के एक टीवी ऐड से बतौर मॉडल अपना करियर शुरू किया। इसके बाद वो कई मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं। शिल्पा ने आगे कहा था, जल्द ही पहली फिल्म का ऑफर मुझे मिला और फिर वहां से मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं आगे बढ़ती जा रही थी, लेकिन अच्छी चीज कभी आसानी से नहीं मिलती। कुछ समय बाद एक वक्त ऐसा आ गया था कि मेरे करियर में डाउनफॉल आने लगा। कई प्रोड्यूसर ने बिना किसी कारण मुझे अपनी फिल्मों से बाहर निकाल दिया।

रियलिटी शो में रंगभेद की शिकार हुई थीं शिल्पा

सेलिब्रिटी बिग ब्रदर 5 में शिल्पा बतौर कंटेस्टेंट नजर आई थीं। इस शो के दौरान उन्हें रंगभेद का सामना करना पड़ा था। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया था- मैं जिस देश की थी, उस कारण मुझे सरेआम धमकाया गया और मेरे साथ भेदभाव किया गया। यह आसान नहीं था। मैं उस घर में अकेले थी लेकिन मैंने खुद को अकेले ही आगे बढ़ाया। इन सब बातों से शिल्पा बेहद दुखी थीं। वो हर दिन यही मनाती थीं कि एलिमिनेट हो जाएं और शो से उन्हें निकाल दिया जाए।

विक्की ने किया कमांडो क्रॉल करते वीडियो शेयर

विक्की कौशल की आने वाली फिल्म सैम बहादुर का ट्रेलर हाल ही रिलीज हुआ है। इस फिल्म में विक्की फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाते नजर आएंगे। हाल ही में विक्की कौशल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में वे दिल्ली के सिख रेजिमेंट एरिया में आग के ऊपर से छलांग लगाते दिखे। बता दें, सिख रेजिमेंट भारतीय सेना की एक पैदल सेना रेजिमेंट है। भारतीय सेना में 27 इन्फेंट्री रेजिमेंट हैं। इन रेजिमेंटों में कई ऐसी भी हैं जो किसी जाति के नाम पर बनाई गई हैं, तो कुछ छेत्रों के नाम पर बनी हैं। सिख रेजिमेंट और सिख लाइट इन्फेन्ट्री भारतीय सेना की सबसे सम्मानित रेजिमेंट है। पोस्ट शेयर करते हुए विक्की ने कैप्शन लिखा- सैम बहादुर के ट्रेलर लॉन्च के दौरान मैं दिल्ली गया था। मुझे इस ट्रिप में 6 सिख रेजिमेंट से बहुत ही वॉर्म वेलकम मिला। इससे पहले जब 2018 में मैंने उरी की शूटिंग शुरू की थी तब मुझे 7 सिख रेजिमेंट ने ट्रेनिंग दी थी। उनकी ऑब्स्टेकल ट्रेनिंग ड्रिल्स की यादें ताजा हो गईं। बहुत अच्छा लगता है,जब रियल हीरोज पीठ थपथपाते हैं। विक्की ने अपनी पोस्ट में दो वीडियो शेयर किए हैं। जहां एक वीडियो में वो अंगारों पर छलांग लगाते दिखाई दे रहे हैं तो वहीं दूसरे में वो कमांडो क्रॉल करते नजर आए। इसके अलावा उन्होंने कई तस्वीरें भी शेयर कीं। इनमें वो सोल्जर्स के साथ बात करते और शूटिंग ट्रेनिंग लेते नजर आ रहे हैं। फिल्म में सैम मानेकशॉ के जीवन के कई अहम पहलुओं को पेश किया जाएगा। पर इसमें मुख्य रूप से साल 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया है। फिल्म में मानेकशॉ के इंडियन आर्मी के लिए जुनून और जज्बे को बेहतरीन अंदाज में दिखाया गया है। मानेकशॉ ने 40 साल तक वर्दी पहनकर देश की सेवा की थी और उनके अंदाज को फिल्म में विक्की कौशल ने हूबहू कॉपी किया है। इस फिल्म में विक्की के अलावा फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी नजर आएंगे। मेघना गुलजार निर्देशित यह फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का क्लैश रणबीर कपूर स्टारर एनिमल से होगा।

वर्ल्ड कप लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला भारत और नीदरलैंड का

टीम इंडिया आज पहली बार लगातार 9वां मैच जीतना चाहेगी

बेंगलुरु, एजेंसी

वनडे वर्ल्ड कप में आज दिपावली के अवसर पर भारत का सामना नीदरलैंड से होगा। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दोपहर 2 बजे से मैच शुरू होगा, टॉस दोपहर 1.30 बजे होगा। दोनों टीमें लीग स्टेज का 45वां और आखिरी मैच खेलेंगी। टीम इंडिया टूर्नामेंट में लगातार 8 मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, टीम एक वर्ल्ड कप में पहली बार लगातार लगातार 9 मैच जीतना चाहेगी। दूसरी ओर नीदरलैंड आज का मैच जीतकर 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में क्वालिफाई होना चाहेगी।

भारत ने सभी 8 मैच जीते

मेजबान और टेबल टॉपर भारत टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम है। टीम ने 8 के 8 मैच जीते और अब 9वें मैच में नीदरलैंड से भिड़ेगी। 16 पॉइंट्स के साथ टीम इंडिया तो पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है, लेकिन नीदरलैंड 10वें नंबर पर है। डच टीम 8 में से 2 ही मैच जीत सकी, टीम के 4 ही पॉइंट्स हैं। भारत और नीदरलैंड के बीच अब तक केवल दो ही वनडे खेले गए। दोनों बार भारत को ही जीत मिली और दोनों ही मुकाबले वर्ल्ड कप में ही खेले गए। 2003 में भारत 68 रन और 2011 में 5 विकेट से जीता था।

शानदार

फार्म में है *रोहित शर्मा*

टीम इंडिया के सारे खिलाड़ी अच्छी फार्म में है। रोहित ने पिछले सारे मैचों में अच्छे रन बनाए हैं और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया है। वहीं टीम की बॉलिंग भी शानदार है। फास्ट बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने शानदार परफॉर्म किया है, तीनों ने मिलकर 41 विकेट लिए हैं। स्पिनर्स में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने 26 विकेट लिए हैं। वहीं फील्डिंग में तो टीम ने अपना लोहा मनवा ही दिया है। टीम के स्टार बैटर विराट कोहली टूर्नामेंट में टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 543 रन हैं। वहीं पेसर मोहम्मद शमी टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 16 विकेट हैं।

भारत ने आखिरी मैच साउथ अफ्रीका को हराया

वनडे वर्ल्ड कप में भारत ने पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद टीम ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका को भी हराया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तो टीम ने 243 रन के बड़े अंतर से मुकाबला जीता। आज का मैच जीतने पर टीम टूर्नामेंट में लगातार 9वां मैच जीतेगी और 18 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर ही रहेगी।

साउथ अफ्रीका को हराया

क्वालिफायर स्टेज के जरिए वर्ल्ड कप खेलने उतरे डच टीम ने टूर्नामेंट में 2 मैच जीते। टीम ने साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश को हराकर सभी को चौंकाया। हालांकि टीम अपना फॉर्म जारी नहीं रख सकी और उन्हें 6 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड फिलहाल पॉइंट्स टेबल 10वें नंबर पर है, आज का मैच जीतकर टीम 6 पॉइंट्स के साथ 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बना सकी। लेकिन मैच हारने पर टीम 2025 के आईसीसी टूर्नामेंट में जगह नहीं बना पाएगी।

एंगलब्रेक्ट टीम के टॉप रन स्कोरर

सायब्रांड एंगलब्रेक्ट टूर्नामेंट में टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 255 रन हैं। वहीं बास डे लीडे टीम के टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 14 विकेट हैं। डे लीडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले डच गेंदबाज भी हैं, वह अपने ही पिता टिम डे लीडे की बराबरी पर है। आज मैच में एक भी विकेट लेने पर वह अपने पिता को भी पीछे छोड़ देंगे। बेंगलुरु की पिच हमेशा से बैटिंग फ्रेंडली रही है। आज भी मैच में खूब रन बनते नजर आ सकते हैं। यहां इस वर्ल्ड कप का पांचवां और आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अब तक हुए 30 वनडे में 15 मुकाबले चेज करने वाली टीमों ने जीते। 12 में पहले बैटिंग करने वाली टीमों को भी जीत मिली, एक मैच टाई रहा, जबकि 2 मैच बेनतीजा भी रहे। यहां का हाईएस्ट स्कोर 401 है, जो न्यूजीलैंड ने इसी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। लोवेस्ट स्कोर 156 रन है, जो इंग्लैंड ने इसी टूर्नामेंट में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

एडम जम्पा बने टॉप विकेट टेकर

डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सका लेकिन टीम ने 2 लगातार जीत के साथ अपना सफर खत्म किया। इंग्लैंड ने अपने आखिरी मैच में पाकिस्तान को 93 रन से हराया और उन्हें भी सेमीफाइनल से बाहर कर दिया। इंग्लैंड 9 मैचों में 3 जीत के साथ 7वें और पाकिस्तान 4 जीत के साथ 5वें स्थान पर रहा। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें। वनडे वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल लाइन तय हो गया है। 15 नवंबर को पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। वहीं, 16 नवंबर को साउथ अफ्रीका की भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से होगी।

नॉकआउट मुकाबलों के लिए रिजर्व-डे मौजूद

वनडे वर्ल्ड कप 2023 का सेमीफाइनल लाइन तय हो गया है। 15 नवंबर को पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। वहीं, 16 नवंबर को साउथ अफ्रीका की भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया से होगी। दोनों सेमीफाइनल और फाइनल के लिए ढ्वष्ट ने रिजर्व डे की व्यवस्था कर रखी है। यानी अगर सेमीफाइनल या फाइनल मैच एक दिन में पूरा नहीं होता है तो इसे अगले दिन उसी जगह से दोबारा खेला जाएगा जहां यह पहले दिन रोका गया था। अगर रिजर्व-डे पर भी सेमीफाइनल पूरा नहीं हो पाता है तो फिर क्या होगा? इस स्थिति में वह टीम फाइनल में पहुंच जाएगी जो पॉइंट्स टेबल में ऊपर रही हो। यानी अगर भारत-न्यूजीलैंड सेमीफाइनल बारिश में धुल जाता है तो भारत की टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। क्योंकि भारत ने पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया था।

वर्ल्ड कप : जीत के बाद सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगा ऑस्ट्रेलिया

पुणे, एजेंसी

5 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीत लिया है। टीम ने पुणे में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया। अब टीम 16 नवंबर को सेमीफाइनल खेलेगी। स्न्रष्ट स्टेडियम में बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 306 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वर्ल्ड कप इतिहास में ऑस्ट्रेलिया ने अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। ऑस्ट्रेलिया से मिचेल मार्श ने सेंचुरी लगाई, वह 177 रन बनाकर नॉटआउट रहे। स्टीव स्मिथ ने 63 और डेविड वॉर्नर ने 53 रन बनाए। पहली पारी में शॉन एबट और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच में अफगानिस्तान को हराकर ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था। टीम अब 7 लगातार मैच जीतने के बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगी। दोनों का नॉकआउट मुकाबला 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर दोपहर होगा। ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट के शुरुआती 2 मैचों में भारत और साउथ अफ्रीका से हार मिली थी। टीम ने यहां से न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार 7 मैच जीते।

बाबर आजम छोड़ सकते हैं कप्तानी

मुंबई, एजेंसी

पाकिस्तान वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। टीम को इंग्लैंड ने आखिरी लीग मुकाबले में 93 रन से हरा दिया। इंग्लैंड ने 337 रन बनाए। पाकिस्तान 43.3 ओवर में 244 रन पर ही ऑलआउट हो गया। ऐसे में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम वनडे वर्ल्ड कप के बाद टी-20 और वनडे की कप्तानी छोड़ सकते हैं। वे वर्ल्ड कप के दौरान ही भारत में इसका ऐलान करने वाले थे, लेकिन अब वे स्वदेश लौटने के बाद इस पर फैसला लेंगे। सूत्रों के अनुसार बाबर आजम ने वाइट बॉल की कप्तानी छोड़ने के लिए पीसीबी के पूर्व चेयरमैन रमीज राजा और अपने करीबियों से सलाह मांगी है। बाबर ने अपने पिता के अलावा पूर्व क्रिकेटर मोइन खान और शोएब मलिक से भी कप्तानी छोड़ने की बात कह चुके हैं।

Life&Style *METRO*

आज कार्तिक अमावस्या पर देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। माना जाता है कि देवी लक्ष्मी इसी तिथि पर समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं। लक्ष्मी जी से पहले अलक्ष्मी निकली थीं। इस वजह से इन दोनों देवियों को बहन माना जाता है। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, श्रीमद् भागवत पुराण में बताया गया है कि समुद्र मंथन से लक्ष्मी से पहली उनकी बड़ी बहन अलक्ष्मी निकली थीं। अलक्ष्मी का स्वभाव महालक्ष्मी से बिल्कुल उलटा था। लक्ष्मी शुभ लक्षणों वाली थीं, जबकि अलक्ष्मी अशुभ लक्षणों वाली थीं। लक्ष्मी धन-धान्य की देवी हैं, इनकी पूजा से धन की प्राप्ति होती है। अलक्ष्मी गरीबी और दरिद्रता की देवी हैं, इनकी वजह से घर में दरिद्रता, क्लेश और अशांति आती है। श्रीमद् भागवत पुराण कहता है समुद्र मंथन से आठवें रत्न के रूप में लक्ष्मी समुद्र से प्रकट हुईं। वो दिन भी कार्तिक अमावस्या का था, समुद्र से प्रकट होकर उसी दिन लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को पति के रूप में चुन लिया। दोनों का विवाह हो गया।

ये है अलक्ष्मी से जुड़ी कथा

देशभर में दीपावली का त्यौहार आज मनाया जाएगा। लक्ष्मी से जुड़ी कई लोक कथाएं हैं। एक प्रचलित कहानी के मुताबिक, समुद्र मंथन से 14 मुख्य रत्न निकले थे, लेकिन इनके बीच-बीच में कई उपरत्न भी निकले थे। इन्हीं उपरत्नों में से एक अलक्ष्मी भी थीं। कुछ मान्यताओं में वारुणी यानी मदिरा लेकर निकलने वाली स्त्री को ही अलक्ष्मी माना गया है। अलक्ष्मी की उत्पत्ति भी समुद्र से हुई थी, इस वजह से अलक्ष्मी और महालक्ष्मी को बहन माना जाता है।

उद्दालक ऋषि से हुआ था देवी अलक्ष्मी का विवाह

अलक्ष्मी का विवाह उद्दालक नाम के ऋषि से हुआ था। जब उद्दालक मुनि विवाह के बाद देवी अलक्ष्मी को लेकर अपने आश्रम गए तो अलक्ष्मी ने उस आश्रम में प्रवेश करने से मना कर दिया। मुनि ने देवी से आश्रम में न आने का कारण पूछा तो अलक्ष्मी ने बताया था कि वह किन घरों में वास करती हैं और किन घरों में वह प्रवेश भी नहीं करती हैं।

किन घरों में होता है लक्ष्मी का वास

देवी लक्ष्मी ने उद्दालक मुनि से कहा कि मैं सिर्फ उन घरों में जाती हूं, जहां साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता हैं, जहां के लोग लड़ाई-झगड़ा करते रहते हैं, जो लोग गंदे कपड़े पहनते हैं, जहां अधर्म या गलत काम होते हैं। वहीं उद्दालक ऋषि को अलक्ष्मी ने आगे बताया कि जिन घरों में हमेशा साफ-सफाई रहती है, यहां को लोग सुबह जल्दी उठते हैं, जहां पूजा-अर्चना होती है, जो लोग सफाई और पवित्रता के साथ रहते हैं, ऐसी जगहों पर देवी अलक्ष्मी प्रवेश नहीं कर पाती हैं। धार्मिक घरों में देवी लक्ष्मी का अधिकार होता है। दीपावली की रात घर के अंदर को देवी लक्ष्मी के लिए दीपक जलाने चाहिए, लेकिन घर से थोड़ी दूर देवी अलक्ष्मी के लिए दीपक जलाना चाहिए। दीपक जलाकर देवी अलक्ष्मी से प्रार्थना करें कि आप हमारे घर से दूर रहें।

दीपावली का उल्लास लेकर आया उजियारा

आज दीपावली की रात लक्ष्मी के स्वागत के लिए घर के अंदर और बाहर दीपक जलाए जाएंगे। माना जाता है कि दीपक से देवी-देवता भी हमारे घर की ओर आकर्षित होते हैं और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। हम आशा करते हैं कि इस बार आपके जीवन में दीपावली का उल्लास आपके जीवन में उजियारा लेकर आए। दीपों के बिना दीपावली अधूरी रहती है, दीपक जलाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, तभी लक्ष्मी पूजा का पूरा फल मिल सकता है। सर्वप्रथम पूजा करते समय घी का दीपक अपने बाएं हाथ की ओर, तेल का दीपक अपने दाएं हाथ की ओर जलाना चाहिए। पूजा के बीच में दीपक बुझना नहीं चाहिए। अगर दीपक बुझ जाए तो भगवान से क्षमा मांगते हुए फिर से जला देना चाहिए। दीपक भगवान की प्रतिमा के ठीक सामने लगाएं। खंडित दीपक जलाना नहीं चाहिए। घी के दीपक के लिए सफेद रुई की बत्ती उपयोग करें। जबकि तेल के दीपक के लिए लाल धागे की बत्ती शुभ रहती है। दीपक जलाते समय इस मंत्र का जप करें-



शुभम करोति कल्याणं, आरोग्यं धन संपदाम्, शत्रु बुद्धि विनाशाय, दीपं ज्योति नमोस्तुते।।



प्रेम विवाह का अंतः पत्नी ने जहर खाया, तो पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मृतक ने दोस्त को फोन कर बताया था कि पत्नी ने खा लिया है जहर

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

करीब एक साल पहले प्रेम विवाह करने वाले दंपति के बीच शनिवार दोपहर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर महिला ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। दहशत में आकर पति ने भी बाथरूम के वेंटीलेटर से फांसी लगा ली।

पिपलानी थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि अंकित तिवारी (25) अपनी पत्नी तनु तिवारी के साथ पिछले करीब आठ महीने से नीरजा नगर फेस-2 पिपलानी स्थित किराए के मकान में रह रहा था। वह एक केटरर के यहां काम करता था। बताया गया है कि अंकित और तनु ने करीब एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। शनिवार दोपहर अंकित ने अपने एक दोस्त को फोन करके बताया कि तनु ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। शनिवार दोपहर लगभग तीन बजे अंकित अपने घर पहुंचा, तो देखा पत्नी बेहोश पड़ी थी। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उसने अपने एक दोस्त को फोन किया और घटना के बारे में बताते हुए फौरन घर पर आने को बोला। उसका दोस्त घर पहुंचा, तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने पर भी अंकित ने दरवाजा नहीं खोला तो उसके दोस्त ने थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर जाकर देखा तो तनु पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी थी, जबकि अंकित का शव बाथरूम में फांसी पर लटका मिला।

शादी के बाद परिवार वालों से खत्म हो गया था रिश्ता

पुलिस ने बताया कि अंकित का परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वर्तमान में उसका परिवार अशोका गार्डन थाना इलाके के सेमरा में रहता है। तनु मूलतः चंदोली उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। तनु के साथ शादी करने के बाद से अंकित से उसके परिवार के लोगों ने संबंध समाप्त कर लिए थे। इसलिए वह नीरजा नगर में तनु के साथ आठ माह पहले ही रहने आया था। पुलिस ने घटना की सूचना तनु के परिवार के लोगों को भेज दी है।

निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर करंट से झुलसे छात्र की मौत का मामला

पुलिस करेगी अब मजदूरों से पूछताछ

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल, दोपहर मेट्रो। बैरसिया पुलिस ने भैसोंदा-बैरसिया पुलिया के पास एक बोलेरो वाहन पर दबिश देकर तीन केन अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के घर के पीछे बनी अवैध भट्टी व जमीन में दबा महुआ लहान भी जब्त कर नष्ट किया है। पुलिस ने बोलेरो वाहन समेत करीब 8 लाख 55 हजार का मशरूका बरामद किया है। निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर दसवीं कक्षा का एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह घर से स्कूल जाने का कहकर निकलाड़था। इसके बाद निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर करंट से झुलसी हुई हालत में मिला। अब जीआरपी यह पता लगा रही है कि घटना के समय वहां कौन कौन मौजूदड़था। पुलिस उन मजदूरों से भी पूछताछ करेगी, जिन्होंने छात्र को आग की लपटों से बचाकर एंबुलेंस से बचाया था। पुलिस को छात्र का बैग नहीं मिला है। अनुमान है छात्र ने स्कूल से बंक किया था और बैग कहीं रखकर अपने दोस्तों के साथ यहां घूम रहा था। हालांकि उसके साथ कौनसे दोस्त थे यह पता नहीं लग सका है।

स्कूल जाने का कहकर निकला था छात्र रेलवे स्टेशन पर करंट से झुलसकर हो गया था घायल

जीआरपी ने बताया कि तरुण साहू पुत्र अशोक साहू (16) कल्याण नगर भानपुर में रहता था और इलाके के ही एक प्रायवेट स्कूल में दसवीं कक्षा में पड़ता था। परिवार में मां के अलावा दो बड़े भाई हैं, जबकि पिता का निधन हो चुका है। सबसे बड़ा भाई अभिषेक आटो चलाकर घर की जिम्मेदारी उठाता है। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि मंगलवार 7 नवंबर की सुबह करीब साढ़े सात बजे तरुण घर से स्कूल जाने का कहकर निकला था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा। सुबह करीब दस बजे एम्बुलेंस वालों ने तरुण से पूछकर उसे फोन लगाया और बताया कि तरुण निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से झुलस गया है। वह तुरंत ही राममंदिर के पास खड़ी एम्बुलेंस के पास पहुंचा और भाई को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार-शनिवार रात तरुण ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

निशातपुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में छात्र के कपड़े चले हुए नजर आ रहे है। कपड़े के टुकडें देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि उसे डीपी का तगड़ा करंट लगाड़था और वह आग से झुलस गया था। अब तक की जांच में भी यह बात सामने आई कि करंट लगने से उसके शरीर में आग लग गई थी।

अयोध्या नगर पुलिस से पति ने की थी शिकायत

घर से नकदी-जेवर लेकर पत्नी रफूचक्कर मिलने पर कहा- रहना है पहले पति के साथ

भोपाल, दोपहर मेट्रो। अयोध्या नगर पुलिस ने पति की शिकायत पर पत्नी के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कराया है। दरअसल महिला ने खुद को अविवाहिता बताकर मंदिर में फरियादी से शादी की थी। करीब दो साल रहने के बाद वह अपने पहले पति और तीन बच्चों के साथ सिलवानी चली गई। जाते हुए वह दूसरे पति के घर से जेवरात, नगदी व मोबाइल फोन भी ले गई। दूसरे पति की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

दूसरे पति ने दर्ज कराया अमानत में खयानत का प्रकरण

पुलिस के मुताबिक आदमपुर छावनी निवासी ओमप्रकाश मालवीय (32) एक होटल में काम करता है। करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात अनीता मालवीय उर्फ अनीता कुशवाह से हुई थी। उसने ओमप्रकाश से कहा था कि मेरा पति मर चुका है। मुझे काम की आवश्यकता है। मुझे अपने साथ काम पर रख लो। मदद करने की नीयत से उसने अनीता को काम पर रख लिया था। करीब दो माह बाद महिला ने ओमप्रकाश से कहा कि मैं आपसे शादी करना चाहती हूं। इस पर फरियादी ने कहा कि तुम्हारे रिश्तेदार कहां है। तब महिला ने कहा कि उसकी मां का देहांत हो चुका है और पिता शराबी है। वह पता नहीं कहां होगा। मैं अकेली हूं। बालिग हूं और अपना अच्छा-बुरी जानती हूं। उसने ओमप्रकाश से शादी करने की जिद की। बहकावे में आकर ओमप्रकाश ने अनीता से मंदिर में शादी कर ली।

बच्चों की याद आने पर चली गई

पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश ने करीब एक माह पूर्व पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस उसकी खोजबीन में लगी रही और जल्द ही उसे सिलवानी से दस्तयाब कर लिया। अनीता ने बयान में कहा कि बच्चों की याद आने पर वह चली आई थी। अब वह पहले पति और तीन बच्चों के साथ रहना चाहती है।

दो साल तक ठीक चला

फरियादी ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि कंकाली माता मंदिर में शादी करने के दो साल बाद तक हम लोग सुखी जीवन व्यतीत कर रहे थे। इस बीच 24 अक्टूबर 23 को उसने अनीता से पूछा कि 25 हजार रुपए रखे थे, कहां गए। इस पर अनीता ने कहा कि यहीं-कहीं रखे होंगे। ढूंढकर दे दूंगी। लिहाजा अगले दिन ओमप्रकाश पत्नी से रुपए ढूंढकर रखने का कहकर ड्यूटी पर चला गया। शाम को ड्यूटी से लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। अलमारी में रखे जेवर, करीब 15 हजार रुपए नगद व मोबाइल फोन भी नहीं मिला।

कोकटा में नीम के पेड़ पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित दौलतपुरा कोक्ता में आज तड़के एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगा ली। वह घर से रस्सी लेकर निकला था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्गड़कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एचसी रूपेश जादौन ने बताया कि कपिल यादव पिता करण सिंह यादव (22) गांव दौलतपुरा, कोक्ता में रहताड़था और बेरोजगारड़था। उसके पिता करण सिंह यादव मेहनत मजदूरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि आज सुबह करीब चार बजे के आसपास उनकी नींद खुली तो कपिल जाग रहा था। पिता ने उससे पूछा कि जाग क्यों रहा है। इस पर कपिल ने कहा कि अभी आता हूं और घर से निकल गया। पिता सो गए थे, जबकि कपिल अपने साथ रस्सी लेकर निकला था। सुब करीब पांच बजे उसकी लाश गांव में रियांश किराना स्टोर के पास नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मोहल्ले के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कपिल बेरोजगार था और यहां वहां घूमकर टाइम खराब करताड़था। इधर, सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पुलिस के अनुसार संतोष मालवीय पिता कंछेदीलाल मालवीय (32) मेहनत मजदूरी करताड़था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। कल सुबह परिजन ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। परिजन का कहना है कि रात में उसने खाना खाया था और सो गया था। इसके बाद उसने कब फांसी लगाई किसी को नहीं पता। सुबह परिजन की नींद खुली तो उन्होंने संतोष को फांसी के फंदे पर देखा था।

---

14 साल की नाबालिग ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कैंची छोला में कल शाम 14 साल की नाबालिग ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां कुछ ही देर बाद नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मुस्कान पिता सुनील (14) कैंची छोला इलाके में रहती थी और स्कूल में पढ़ती थी। कल शाम करीब सवा सात बजे के आसपास उसने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। वह उल्टियां कर रही थी। परिजन ने उससे उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि जहर खा लिया है। परिजन उसे आनन फानन में पास ही स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां से डॉक्टर ने हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हमीदिया पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

मेट्रो एंकर

शाहपुरा बसंतकुंज में आनंद मार्ट की घटना

कपड़ों की दुकान का ताला तोड़कर चांदी के पंद्रह सिक्के, एक सोने का सिक्का चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बसंत कुंज, आनंद मार्ट का ताला तोड़कर बदमाश चांदी के पंद्रह सिक्के और एक सोने का सिक्का समेत काउंटर में रखी नगदी चुराकर ले गया। घटना गत 9-10 नवंबर की रात की है। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 35 साल के राहुल शर्मा, त्रिलंगा शाहपुरा में रहते हैं और बसंत कुंज में वे कपड़ों की थोक और चिल्लर दुकान का संचालन करते हैं। गत 9 नवंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे उन्होंने दुकान बंद की थी। अगले ही दिन 10 नवंबर की सुबह वह दुकान पहुंचे तो दुकान की शटर पर लगा ताला टूटा मिला। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो रात करीब सवा तीन बजे के आसपास एक बदमाश दुकान में घुसता हुआ नजर आया। वह मुंह पर कपड़ा बांधे हुए था। राहुल ने पुलिस को बताया कि दुकान में उन्होंने ग्राहक को उपहार देने पंद्रह चांदी के सिक्के रखे थे और एक सोने की सिक्का समेत काउंटर में नगदी रखी थी। बदमाश उनकी दुकान से कुल कितने का माल चुराकर ले गया है यह वह बता नहीं सके हैं।

नाबालिग से अड़ीबाजी, बाइक में की तोड़फोड़

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कमला नगर में तीन बदमाशों ने एक नाबालिग के साथ शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर मारपीट कर उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस के मुताबिक नया बसेरा में रहने वाला 14 साल का लड़का स्कूली छात्र है। वह मोटर सायकिल लेकर राशन लेने के लिए दुकान जा रहा था। सुलभ काम्पलेक्स के पास उसे गड्डू, समीर और प्रियांश मिले और शराब के लिए पांच सौ रुपये की मांग करने लगे। लड़के ने जब रुपये देने से इंकार किया तो तीनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो तीनों वहां से भाग निकले। आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी और तोड़फोड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



FOR BULK ENQUIRIES, CALL: 91111 49900

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022